श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 158, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 14

पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 13

## एक नजर

### पांच-पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामद

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों ने पांच-पांच किलोग्राम के दो 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के इरागांव थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि एक दल जब इरागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो, तमोरा और किलेनार गांव के करीब था तभी उन्हें नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाए जाने की सूचना मिली।

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने जनवरी 2020 में कई मौकों पर पीड़िता का यौन शोषण करने वाले कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा सुनाई और एक हजार का जुर्माना भी लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक गरीब मजदूर को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि राजू गोंड ने कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब दो माह पूर्व खदान लगाई थी। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19 .22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

# बजट पर चर्चा : कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को 'अग्निपथ' योजना को खत्म करना चाहिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया कि सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे? सैलजा ने बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता के प्रावधान का हवाला देते हुए कहा कि क्या सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी हुई? कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी सहूलियत के हिसाब से सरकार स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट का नाम नहीं लेती है।

## कांग्रेस ने कहा-बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी, अन्य राज्यों की अनदेखी

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है, सत्ता बचाने के लोभ में देश के अन्य राज्यों की उपेक्षा है, उनके साथ पक्षपात है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को कहा था कि 27 जुलाई को नीति आयोग की होने वाली बैठक का कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बहिष्कार करेंगे।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी। बजट में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और ओड़िशा सहित कई राज्यों को कुछ नहीं मिला।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

# काठमांडू में हादसा, विमान में लगी आग, 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश, पायलट गंभीर

काठमांडू, एजेंसी

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- घायल पायलट अस्पताल में भर्ती मृतकों में यमन का एक नागरिक



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसे में एक विदेशी समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा उसका पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान एन9एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था जब पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसा हुआ। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के खोज व बचाव केंद्र ने एक बयान में बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। हादसे के बाद दमकल की गाड़ियों और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।

मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के 17 कर्मचारियों के रूप में की गई है जिनमें नेपाल की एक महिला और यमन का एक नागरिक शामिल है। पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार हो रहा है। प्राधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में से 15 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की एक स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद काठमांडू हवाई अड्डे पर सेवाएं थोड़ी देर के लिए रोक दी गईं लेकिन बाद में उन्हें बहाल कर दिया गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के अनुसार, कंपनी नेपाल में पांच पर्यटक स्थलों के लिए विमानों का संचालन करती है। उसके बेड़े में तीन बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान शामिल हैं। हाल के वर्षों में खराब हवाई सुरक्षा रिकॉर्ड के लिए नेपाल की आलोचना की गई है, लेकिन इन दुर्घटना की वजहों में मानवीय भूल के अलावा आंशिक रूप से अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां भी शामिल हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन निकाय के अनुसार, अगस्त 1955 में पहली दुर्घटना के बाद से देश में हवाई दुर्घटनाओं में 914 लोग मारे गए हैं। पिछले साल जनवरी में, यति एयरलाइंस का एक विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच भारतीयों सहित सभी 72 लोग मारे गए थे। दुर्घटना का कारण मानवीय भूल बताया गया।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

# कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक जवान शहीद मार गिराया आंतकी

श्रीनगर, एजेंसी



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- हिमाचल प्रदेश ऊना जिले के रहने वाले दिलवर खान हुए शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान दिलवर खान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के जवान दिलवर खान शहीद हुए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

ब्यूरो, देहरादून

- केदारनाथ धाम, पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की ली जानकारी



बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे पुष्कर सिंह धामी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों को श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन को पहुंचे मुख्यमंत्री का कमिश्नर विनय शंकर पांडे, आईजी करन सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा ने वीआईपी हैलीपैड पर स्वागत किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ मंदिर में प्रवेश कर विशेष पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर संपूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद लिया। करीब 20 मिनट पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने धाम में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन कर श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने तीर्थ पुरोहितों से मिलकर धाम में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों के बारे में जानकारी ली व सुझाव मांगे। उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीकेटीसी योगेन्द्र सिंह, प्रभारी कार्यकारी अधिकारी आरसी तिवारी, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी एवं तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए उसे पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की थी।

प्रार्थना स्वीकार करते हुए अदालत ने अभियुक्त को 30 जुलाई 2024 तक के लिए पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

# शंभू बॉर्डर पर बनाएं यथास्थिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की सरकार को दिया निर्देश
- किसानों की मांगों पर विचार को समिति बनाने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनरत किसानों की मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत करने को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया और कहा कि किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास की कमी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि आपको किसानों से बातचीत करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आएंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं और उनके नेक इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। न्यायालय ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उचित निर्देश दिए जाएं। तब तक शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने दें। शीर्ष अदालत, हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह में अवरोधक हटाने के लिए कहा था, जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

### एमएसपी की गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है।

# लोहाघाट में एसएसबी की बस पलटी, 19 जवान घायल

संवददाता, चम्पावत



लोहाघाट में सड़क पर पलटी एसएसबी की बस

**अमृत विचार :** लोहाघाट में पांचवी वाहिनी एसएसबी की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार 19 जवान घायल हो गए। जवानों को मामूली चोटें आईं।

चम्पावत से पिथौरागढ़ जा रही पांचवीं वाहिनी एसएसबी की बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। वाहन में 19 जवान सवार थे। सभी जवानों को मामूली चोटे आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बाराकोट चौकी पुलिस और लोहाघाट 112 पीसीआर की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायल जवानों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बताते हैं कि बस का ब्रेक फेल हो गया था। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को पहाड़ी से टकरा दिया। पहाड़ी से टकराकर बस सड़क पर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। जवान जैसे-तैसे बस से बाहर आए। घटना होते ही आसपास मौजूद लोग भी बचाव के लिए वहां पहुंच गए । प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर बस पहाड़ी के बजाय खाई की ओर जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जवानों को हल्की चोटें आई हैं।

# रेलवे को मिले 5131 करोड़, चार नई परियोजनाओं को मिलेगी गति

ब्यूरो, देहरादून



वर्चुअल प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव।

- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का काम 2026 तक होगा पूरा
- सुरंगें बनाने में हो रहा हिमालयन टनलिंग मेथ्ड का प्रयोग

**अमृत विचार :** केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बजट में इस बार रेलवे को रिकॉर्ड दो लाख 62 हजार करोड़ का आवंटन हुआ है। इस रिकॉर्ड बजट आवंटन का लाभ उत्तराखंड को भी मिलेगा। उत्तराखंड को 2024-25 के बजट में विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए बजट में 5131 करोड़ का आवंटन किया गया है। इस बजट से उत्तराखंड में रेल नेटवर्क को सुदृढ़ किया जाएगा।

केंद्रीय रेलमंत्री ने बुधवार को पत्रसूचना कार्यालय (पीआईबी देहरादून) में वर्चुअल प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से उत्तराखंड के पत्रकारों को रेल बजट के संदर्भ में जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार रेलवे को रिकॉर्ड दो लाख 62 हजार का बजट में आवंटन किया गया है। इस आवंटन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार भी जताया। उत्तराखंड की विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए 5131 करोड़ का आवंटन किया गया है।

केंद्र सरकार की अति महत्वकांक्षी ऋषिकेश -कर्णप्रयाग रेल परियोजना की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना में 213 किमी की सुरंगें हैं, जिसमें से अभी 171 किमी का कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेज गति से चल रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य 2026 के मध्य तक पूरा हो जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि हिमालय के पहाड़ क्योंकि अभी युवा हैं, इसलिए यहां सुरंग बनाने के लिए हिमालयन टनलिंग मेथ्ड यानी एचटीएम को ईजाद किया गया है, एचटीएम के माध्यम से संतुलित टनल बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बागेश्वर -टनकपुर, बागेश्वर-गैरसैंण, ऋषिकेश-उत्तरकाशी और सहारनपुर रेलवे लाइनों की डीपीआर बनाने का कार्य जैसे-जैसे पूरा होता रहेगा, इसकी जानकारी साझा की जाएगी।

### उत्तराखंड में चल रही रेल परियोजनाएं

उत्तराखंड में 2014 से 2024 तक 69 किमी के नए रेल ट्रैक बिछे हैं। इसी अवधि में 303 किमी की रेल लाइनों को इलेक्ट्रीफाइड किया गया है। 70 रेल ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। 216 किमी की 03 रेल परियोजनाओं (रेलवे ट्रैक) का काम चल रहा है। देहरादून, हरिद्वार जंक्शन, हर्रावाला, काशीपुर जंक्शन, काठगोदाम, किच्छा, कोटद्वार, लालकुआं जंक्शन, रामनगर, रुड़की और टनकपुर सहित 11 स्टेशनों को अमृत स्टेशनों के रूप में विकसित किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### आम आदमी और श्रमिक के लिए बजट में कुछ खास नहीं


प्रेम कुलियाल।

**भीमताल :** संरक्षक बेरोजगार संगठन भीमताल विधान सभा प्रेम कुलियाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीता रमण की ओर से लोक सभा में प्रेषित बजट को निराशा जनक बताया। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना में दैनिक मजदूरी नहीं बढ़ाई गई। वर्तमान में मजदूरों की 250 रुपये की मजदूरी भी नहीं है, जबकि महंगाई चरम पर है। बजट में आम आदमी और श्रमिकों के लिए कुछ खास नजर नहीं आ रहा है।

### ब्लॉक स्तर पर कई खिलाड़ियों का चयन

**भीमताल :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट में दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय मुख्यमंत्री खेल उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना संपन्न हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी और प्रधानाचार्य आशुतोष साह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के तहत 23 जुलाई को बालक वर्ग व 24 जुलाई को बालिका वर्ग के बैटरी टेस्ट, ट्रायल कराये गये। ब्लाक स्तर से अनेक बालक बालिकाओं का चयन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ब्लाक खेल समन्वयक विकास चौहान, व्यायाम शिक्षिका गीता रजवार, एसएमसी अध्यक्ष सोवन सिंह, संजय कुमार, हर्षदीप, गोकुल लोहनी, चमन कुमार, रमेश त्रिपाठी, मुन्नी देवी, ज्योति पाण्डेय, बेबी बिष्ट, शेर सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को निशुल्क गणवेश का वितरण

**भीमताल :** संकुल पिनरो स्थित जीपीएस बांसा के छात्र-छात्राओं को एक कार्यक्रम में निशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में छात्रों को पेंट कमीज और ट्रैक सूट तथा छात्राओं को सलवार कुर्ता व ट्रैक सूट दिए गए। ग्राम बानना के 94 वर्षीय आयुर्वेदाचार्य जईदत्त पलड़िया तथा विद्यालय के पूर्व छात्र नारायण दत्त पलड़िया और राजेंद्र प्रसाद बृजवासी ने छात्रों को ड्रेस वितरित की। नारायण दत्त पलड़िया ने नशे के खिलाफ स्वरचित कविताओं का पाठ किया। बैठक में अभिवावकों को शिक्षा सप्ताह में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में शिक्षक शंकरनाथ गोस्वामी व दीपक नौगांई सहित घनश्याम कुल्याल, नारायण दत्त, राजेंद्र प्रसाद, भगवती शर्मा, कुमकुम शर्मा आदि उपस्थित थे।


विकास खंड में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### लो-वोल्टेज की समस्या तत्काल दूर करे विद्युत विभाग

**भीमताल :** विकासखंड परिसर में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जंतवाल गांव में पोल झूलने की समस्या को रखा। ब्लॉक प्रमुख ने तत्काल विद्युत विभागीय अधिकारियों को 3 दिन पोल शिफ्ट करने व भल्यूटी में ट्रांसफार्मर को लो-वोल्टेज की समस्या को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान जंतवाल गांव मार्ग को ठीक करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अलचौना से आए शिष्टमंडल ने दीवार व आवास क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। इस दौरान प्रधान राधा कुल्याल, लता पलड़िया, जया बोहरा, अनीता प्रकाश, इंदर मेहता, धर्मेंद्र शर्मा, हरीश पलड़िया, लक्ष्मी दत्त, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### कैरम और शतरंज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**नैनीताल :** रॉयल होटल में एलआईसी की ओर से आयोजित दो दिवसीय कैरम एवं शतरंज चयन प्रतियोगिता का बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेषिक प्रबंधन सीएस गौतम की ओर से किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलों के 50 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। शतरंज में पुरुष वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाड़ियों के नाम दिनेश के शर्मा, बृजेश अग्रवाल, गजेंद्र सिंह, विजयन्त कुमार, अविनाश चंद्र श्रीवास्तव, मृत्युंजय चौधरी शतरंज में महिला वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाड़ियों के नाम :तनुजा कौशल, पूनम दुबे, रेखा गौड़, किरन गुप्ता, मुकेश कुमारी, प्रीती कुमारी। कैरम में पुरुष वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाड़ियों के सागीर अहमद, नीरज सक्सेना, राज किशोर नाथ, राकेश अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, गौरव रस्तोगी, नव रतन कुमार सरना, जहीर अहमद आदि नाम शामिल हैं। कैरम में महिला वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाड़ियों में रेनुका रॉय, ममता सोरंग, शिवांगी कन्नौजिया, पुनीता अग्रवाल भावना गुप्ता के नाम शामिल हैं। इस दौरान दिनेश शर्मा, बृजेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीज रहे परेशान

**नैनीताल :** वीआईपी शहर नैनीताल के जिला अस्पताल में मरीज को मूलभूत सुविधा अल्ट्रासाउंड ना मिलने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बुधवार को अल्ट्रासाउंड न होने के चलते गर्भवती महिलाओं समेत अन्य लोगो को बैरंग लौटना पड़ा। बुधवार को गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड का दिन आरक्षित (रिजर्व) रहता है। लेकिन बुधवार होने के बावजूद भी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं समेत अन्य लोगों के लिए अल्ट्रासाउंड के लिए कोई व्यवस्था नहीं हुई जिसके चलते महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुधवार होने के चलते कई आशा कार्यकर्ताएं अपने क्षेत्र की महिलाओं को लेकर अस्पताल पहुंची थी लेकिन अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हुए।

### महरागांव को मिला तीन माह का नमक

**भीमताल :** मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड धारकों के लिए भीमताल के राजकीय खाद्यान्न भंडार मेहरागांव में तीन माह का नमक प्राप्त हो गया है, जिसका वितरण भी उचित दर विक्रेताओं को किया जा रहा है। पूर्ति निरीक्षक/केन्द्र प्रभारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट की ओर से कहा गया कि वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम बनाया गया था। इसका यही उद्देश्य जरूरतमंदों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयन कर वहनीय मूल्यों में गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड धारक अपने उचित दर विक्रेता की दुकान से माह अगस्त में 3 किलोग्राम आयोडीन युक्त नमक भी 8 रुपया प्रति किलो के अनुसार प्राप्त कर लें।


**अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।**

पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार — एक सम्पूर्ण अखबार

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | : | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज एजेंसी | : | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | : | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |


# बलियानाला के ट्रीटमेंट से आलूखेत और निचले इलाकों पर छाया संकट

## बारिश में चायना बॉर्डर को जोड़ने वाला वीरभट्टी पुल के नीचे कटाव से खतरा बन रहा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बलियानाला नगर के लिए बड़ा खतरा है। अब इस नाले से आलूखेत और निचले इलाकों पर भी संकट बन गया है। सरकार ने बलियानाला का ट्रीटमेंट तो शुरू किया लेकिन खतरा अब दूसरी जगहों के लिए बन गया है। नैनीताल का आधार बलियानाले ने अब दूसरी पहाड़ी पर खतरे के बादल ला दिए हैं।

आलूखेत की पहाड़ी पर इसी नाले से संकट बन रहा है तो गांव के आसपास धंसाव और पहाड़ी गिरने का खतरा बन गया है। हालात ये हैं कि इस बारिश में चायना बॉर्डर को जोड़ने वाला वीरभट्टी पुल के नीचे कटाव से खतरा बन रहा है तो आसपास के घरों पर भी संकट है। वहीं नैनीताल हल्द्वानी रोड पर भी संकट दिखने लगा है और ऊपरी इलाके भी खतरे की जद में हैं। स्थानीय लोगों ने सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि बलियानाले से कटाव तेजी से हो रहा था तो 2017 में सिंचाई विभाग ने भू-कटाव रोकथाम के काम किये लेकिन वो भी पानी के साथ बह गये हैं। हालांकि अब सरकार ने 177 करोड़ में ट्रीटमेंट का काम फिर शुरू किया तो उसके बाद नए भूस्खलन क्षेत्र इस इलाके में तैयार हो गये हैं।

हालांकि अब बलिया नाला भूस्खलन को रोकने के लिये बड़े पैमाने पर उपचार का कार्य शुरू हो चुका है, जिसमें पहले चरण के काम में राजकीय इंटर कॉलेज के हिस्से का ध्वस्तीकरण कर बलिया नाले तक पहुंच मार्ग का काम पूरा हो गया है, लेकिन मानसून के दौरान कार्य को बंद कर दिया गया है।


वीर भट्टी पुल के नीचे से हो रहा भू-कटाव। ● अमृत विचार

> बहरहाल ट्रीटमेंट के कामों पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं, मगर अब नए इलाकों में बने डेंजर जोन से लोग चिंतित हैं, हालांकि जरूरी होगा कि प्रशासन खुद इसकी मॉनिटरिंग करे ताकि भविष्य के खतरे को कम किया जा सके।
> **-वंदना सिंह**, जिलाधिकारी

> हमारी ओर से वीर भट्टी क्षेत्र में अभी कोई काम नहीं किया गया है। केवल नीचे उतरने के लिए एक रास्ता बनाया गया है और अगर वहां पर भू-कटाव की स्थिति बन रही है तो उसका निरीक्षण कर वहां पर जाल डालने का काम किया जाएगा।
> **-अनिल कुमार वर्मा**, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग


भीमताल में विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# साइबर क्राइम, सोशल मीडिया के बारे में बताया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में महर्षि विद्या मंदिर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया।

नवाब खान ने साइबर क्राइम, सोशल मीडिया, फेक कॉल, फेसबुक आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान साइबर क्राइम धोखाधड़ी से बचने के लिए बच्चों को प्रेरित किया और नालसा टोल फ्री नंबर 15100 साथ-साथ उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली की ओर से 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में भी बताया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. शंकर सिंह बिष्ट, अध्यापक सविता माथुर, गरिमा, अनीता, गंगा आदि लोग मौजूद थे।

### प्रेंक वीडियो शूट करने पर आपत्ति जताई

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में एक यू-ट्यूबर के प्रेंक वीडियो शूट करने पर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पुलिस को बीच बचाव करना पड़ा। बुधवार की शाम मल्लीताल बोट स्टैंड में एक युवक रास्ते में मोबाइल रख प्रेंक शूट कर रहा था। देर तक प्रेंक शूट करने के दौरान नाव चालकों व राहगीरों ने युवक के प्रेंक वीडियो शूट करने पर आपत्ति जताई। जब युवक की ओर से दोबारा प्रेंक शूट किया तो राहगीरों ने प्रेंक दूसरी जगह करने की बात कही, लेकिन इस बात पर यूट्यूबर युवक भड़क गया। क्षेत्र में हंगामे के बाद लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद नाव चालकों व राहगीरों ने युवक पर हाथापाई का भी आरोप लगाया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में यूट्यूबर व नाव चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

### पर्यटकों ने रिक्शा चालक से की मारपीट, मामला पहुंचा थाने

**नैनीताल :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में बनारस के पर्यटकों की ओर से रिक्शा चालक से मारपीट की गई। बुधवार को बनारस से घूमने आए पर्यटक मल्लीताल से ई-रिक्शे से तल्लीताल पहुंचे। इस दौरान तल्लीताल में पर्यटकों का रिक्शा चालक से विवाद हो गया। विवाद के दौरान पर्यटकों ने रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आये युवकों से भी पर्यटकों ने मारपीट की साथ ही धमकी भी दी। जिसके बाद युवक व रिक्शा चालक तल्लीताल थाने पहुंच गए। जहां पुलिस भवाली निवासी नरेश की ओर से थाने में तहरीर देते हुए पर्यटकों के खिलाफ करवाई की मांग की गई है। थाना प्रभारी अविनाश मौर्य ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# पर्यटक स्थलों को विकसित कर बनाया जाएगा सुंदर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शहर के पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण और चौराहों के चौड़ीकरण कार्य के साथ-साथ पर्यटक स्थलों को विकसित किए जाने को लेकर अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय सभागार में जिला पर्टयन विकास समिति की बैठक का आयोजन किया।

जिसमें मुख्य रूप से पर्यटन विभाग की संपत्ति, रख रखाव, संचालन के लिए निविदा के आधार पर दिए कार्यों, रैमजे रोड, डांठ तल्लीताल का पारंपरिक शैली में विकास-सौंदर्यीकरण की योजना को डीटीडीसी के माध्यम से संचालन एवं रख रखाव और गांधी ग्राम ताकुला को एस्ट्रो विलेज के रूप में विकास योजना को डीटीडीसी के माध्यम से संचालन, रख रखाव के लिए पर्यटन को बढ़ावा आदि पर चर्चा की। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने डीटीडीसी को संचालन के लिए आवंटित परिसम्पत्तियों का विवरण दिया, जिसमें उन्होंने भटेलिया में शौचालय और मल्टीपरपज व्यवसाय परिसर का निर्माण जिला योजना से निर्मित, नैनीताल में आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग वॉल का निर्माण राज्य योजना के अंतर्गत निर्मित जिसका संचालन डीएसए नैनीताल आदि की जानकारी दी। उन्होंने सरगाखेत में स्थित पुराने थाने भवन का हैंडी काफ्ट एवं कैफे के रूप में विकास डिस्ट्रिक्ट डेस्टिनेशन योजना के अंतर्गत निर्मित, गांधी ग्राम ताकुला में गांधी स्टडी सेंटर और आर्काइव का निर्माण, भालू गाड़ जल प्रपात का सौंदर्यीकरण-विकास और कैंची धाम में अस्थाई पार्किंग संचालन की जानकारी दी। उन्होंने भीमताल के आसपास के इलाकों में होने वाली पैराग्लाइडिंग के टेक ऑफ के लिए जगह चिह्नित करने को कहा की। कहा कि टेक ऑफ बनने से टिकट और तय दाम करके अनियमितताओं पर रोकथाम लगेगी। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को सूपी से धतौड़ मार्ग को पर्यटन से जोड़ने के लिए मार्ग का सर्वे करने को कहा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सके। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा, एपी क्राइम हरबंस सिंह, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी कैंप कार्यालय सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य।

# कूड़ा निस्तारण प्लांट बनाने को 134 पेड़ों के कटान पर रोक

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने ऋषिकेश गुमानीवाला के रिहायशी क्षेत्र में लगाए जा रहे कूड़ा निस्तारण प्लांट के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद इसकी जद में आ रहे 134 पेड़ों के कटान पर रोक लगा दी है। अब इस मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी आशुतोष शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि नगर निगम ने सरकारी धन को ठिकाना लगाने के लिए आनन-फानन में ऋषिकेश के गुमानीवाला में कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने की अनुमति दे दी। जिस क्षेत्र में यह प्लांट लगाया जा रहा है वह आबादी वाला क्षेत्र है। कूड़ा निस्तारण प्लांट में पांच शहरों के कूड़े का निस्तारण किया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की नियमावली के अनुसार यह प्लांट आबादी क्षेत्र से बाहर लगाया जाना था, परन्तु निगम ने इसे आबादी क्षेत्र में लगाने की अनुमति दे दी। जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश 2019 के खिलाफ भी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश में कहा था कि ऐसे प्लांट आबादी क्षेत्र से बाहर स्थापित किए जाएं। राज्य प्रदूषण बोर्ड ने शपथपत्र में निगम के उस पत्र को कोर्ट के सामने रखा।

### अस्थायी कर्मचारियों को एसीपी का लाभ देने का आदेश रद

**विधि संवाददाता, नैनीताल :** हाईकोर्ट ने प्रशिक्षण एवं रोजगार निदेशालय के पांच अस्थायी कर्मचारियों को सुनिश्चित करियर प्रोग्रेसन (एसीपी) का लाभ देने से मना करने के आदेश को रद कर दिया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय में कार्यरत भगवान चंद्र पंत, विजय कुमार जोशी, प्रकाश चंद्र जोशी, गजेंद्र सिंह डसीला और सतीश कुमार उप्रेती आदि की याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें कहा गया कि शुरुआत में राज्य सरकार के उपक्रम कुमाऊं मंडल विकास निगम की सहायक कंपनियों टेलीट्रॉनिक्स लिमिटेड और कुमाऊं टेलीविजन लिमिटेड में तकनीशियन के रूप में नियुक्त किया गया था। दोनों कंपनियों ने 1996 में परिचालन बंद कर दिया और इसके बाद याचिकाकर्ताओं को प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण एवं रोजगार निदेशालय में समायोजित कर दिया गया। नियमित और संतोषजनक की दस साल की सेवा के बाद याचिकाकर्ताओं ने एसीपी के अनुदान का दावा नहीं माना गया। सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि इन कर्मचारियों ने अपनी पूरी सेवा के दौरान सीटीआई प्रशिक्षण नहीं लिया था।


# अस्पतालों में सुविधाओं की कमी पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ के बेस अस्पताल सहित जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने मामले को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है।

मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी डॉ. राजेश पांडे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि पिथौरागढ़ के बेस अस्पताल सहित जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। इनमें चिकित्सकों की कमी, मेडिकल स्टाफ, टेक्नीशियन सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। नजदीकी जिले अल्मोड़ा व चम्पावत में भी यही स्थिति है। इसके चलते यहां आने वाले मरीजों को 250 किलोमीटर दूर हल्द्वानी रेफर किया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के से कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। कई बार तो गर्भवती महिलाओं व बच्चों को जरूरी दवाएं व जांच तक उपलब्ध नहीं हो पातीं।


**YTDO Tour & Travels**
**नैनीताल आयोजित करता है**



**8 दिवसीय श्रीलंका टूर**
**28 अगस्त से 4 सितंबर 2024**

**मुख्य आकर्षण :** कोलम्बो, कैंडी, नुवारा इलिया एवं वेंटोटा एवं अन्य कई चाय बागान, धार्मिक स्थल और वन्य क्षेत्रों के साथ **दिल्ली-कोलम्बो-दिल्ली के मध्य हवाई यात्रा।** सुबह का नाश्ता एवं भारतीय रात्रि भोज टूर में सम्मिलित है। आवास व्यवस्था आधुनिक सुविधापूर्ण होटलों में प्रदान की जायेगी।

**उत्तर प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों की सैर**
**8 सितंबर से 17 सितंबर 24 के मध्य**

मुख्य आकर्षण -
वाराणसी, सारनाथ, बिन्दुवासिनी, नैमिषारण्य, प्रयागराज, चित्रकूट, अयोध्या, आगरा एवं मथुरा वृंदावन



**YTDO Tour & Travels**
The Mall, Nainital, PH. 05942-235557
VMS KHATI - 9412085088
UMESH RAUTELA - M. 9411197147, RAMESH TIWARI - 9411197085

श्री विनय बिष्ट, शांति टावर, दुकान नंबर -2, दुर्गा सिटी सेंटर, हल्द्वानी
9412086566, 9759237565

**आज का मौसम**

धूप के साथ बीच-बीच में बारिश होने की संभावना

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.28 | सूर्यास्त 07.19

**एक नजर**

### चार पीसीएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**हल्द्वानी :** शासन ने चार पीसीएस अधिकारियों का तबादला किया है। कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग के अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह ने बुधवार को आदेश जारी कर कहा कि खुशबू आर्या को अल्मोड़ा से डिप्टी कलेक्टर पिथौरागढ़, नितेश डागर को ऊधम सिंह नगर से डिप्टी कलेक्टर चमोली, संजय कुमार को नैनीताल से डिप्टी कलेक्टर अल्मोड़ा और रेखा को हरिद्वार से डिप्टी कलेक्टर पौड़ी बनाया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी तत्काल नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करें।

### घर के बाहर खड़ी कार जलाने वाले पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी कार फूंकने वाले पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीपल पोखरा फतेहपुर मुखानी निवासी नवनीत बिष्ट पुत्र जेएस बिष्ट की कार बीती 20 जुलाई को जला दी गई थी। घटना रात करीब पौने तीन बजे हुई और घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में एक आरोपी कार जलाता कैद हुआ। आरोप है कि बिठौरिया नंबर 1 कुसुमखेड़ा में रहने वाले दंपत्ति से उनका और उनके ससुर का विवाद चल रहा है। उन्हें शक है कि घटना को उक्त दंपत्ति ने अंजाम दिया है या फिर किसी से करवाया है। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बैराज में सफाई के चलते डेढ़ घंटे बंद रहा प्लांट

**हल्द्वानी :** गौला बैराज में सफाई के चलते बुधवार को डेढ़ घंटे तक शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी नहीं मिल पाया। सिंचाई विभाग के जेई मनोज तिवारी ने बताया कि बैराज में गंदगी और कचरा फंसने के कारण सफाई की गई। कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक फिल्टर प्लांट को पानी नहीं मिला। इधर, राजपुरा क्षेत्र में लगा नलकूप अभी भी ठीक नहीं हो पाया है। ईई रविशंकर लोशाली ने बताया कि गुरुवार से पानी की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

# रेलवे अपनी भूमि, विस्तारीकरण और पुनर्वास का खाका बताए

## सुप्रीम कोर्ट ने बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में सुनवाई के बाद दिए निर्देश, पूछा-अतिक्रमण होता रहा तब कार्रवाई क्यों नहीं की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**04** हजार 365 परिवार आ रहे अतिक्रमण की जद में

**30** हेक्टयर भूमि पर अतिक्रमण का दावा है रेलवे का

**11** सितंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण में सुप्रीम राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे से चार सप्ताह के भीतर विस्तारीकरण व प्रभावितों के पुनर्वास के लिए योजना का खाका मांगा है। अब इस प्रकरण में 11 सितंबर को अगली सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की पीठ ने बनभूलपुरा में रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में सुनवाई की। मामले के अनुसार रेलवे ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी लगभग 30 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किया है। वर्तमान में उक्त भूमि में 4,365 परिवार, 12 सौ से अधिक झुग्गियां और 50 हजार की आबादी रहती है। रेलवे इन्हें अतिक्रमणकारी दर्शाकर जमीन पर कब्जा चाहता है, ताकि रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण हो सके।

सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे से अतिक्रमण पर सीधे नहीं आकर जनहित याचिका के जरिए आने पर सवाल पूछा। साथ ही कहा कि लंबे समय से अतिक्रमण होता रहा तब कार्रवाई क्यों नहीं की गई। रेलवे सीधे नोटिस देकर भी अतिक्रमण हटा सकता था। इस पर रेलवे की ओर से जवाब दिया गया कि वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने और ट्रैक संरक्षण के लिए भूमि की जरूरत है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने वंदे भारत संचालन के लिए स्टेशन विस्तारीकरण में भूमि की लंबाई, चौड़ाई की कार्ययोजना की जानकारी मांगी। लंबे समय से इस विस्तारीकरण में आ रहे प्रभावितों के पुनर्वास के लिए योजना बताने को भी कहा। इसके अलावा रेलवे की भूमि सीमांकन वगैरह पर भी जानकारी मांगी। बेंच ने केंद्र व राज्य सरकार और रेलवे को मिलकर पुनर्वास आदि की योजना बनाने को कहा। साथ ही कहा कि पुनर्वास में सभी की सहमति होना जरूरी है। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे को चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के जरिए जवाब दाखिल करने को कहा है। अब इस प्रकरण में 11 सितंबर को सुनवाई होगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद कथित तौर से रेलवे भूमि पर काबिज लोगों ने राहत की सांस ली है। उनका मानना है कि लंबे समय से बसे लोगों के पुनर्वास का इंतजाम होना चाहिए। इससे भी जरूरी रेलवे की भूमि की वास्तविक स्थिति पता चलनी चाहिए, ताकि रेलवे भूमि की तस्दीक हो सके। सुनवाई में बनभूलपुरा की ओर से कॉलिन गोंजालविस, प्रशांत भूषण, सलमान खुर्शीद, अक्षत कुमार, कवलप्रीत कौर, रिया यादव, उमेश कुमार, सिद्धार्थ लूथरा, समप्रीत सिंह आदि शामिल हुए।


हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी इसी भूमि पर रेलवे ने किया है सीमांकन। ● अमृत विचार


“राज्य सरकार और रेलवे को गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए। रेलवे गौला नदी के किनारे से सुरक्षा दीवार बनाती है तो उसे कहीं जमीन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेलवे और राज्य सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और उच्चतम न्यायालय की तरह गरीबों के हित में निर्णय लेना चाहिए। – **सुमित हृदयेश**, विधायक


“रेलवे व प्रदेश सरकार को भी सुप्रीम कोर्ट की भांति मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए गरीब जनता के हित में निर्णय लेने चाहिए। मात्र एक रिटर्निंग वॉल का निर्माण होने से सारी समस्या का हल निकल सकता है। जिसके बनने के बाद रेलवे स्टेशन को कोई खतरा नहीं होगा। साथ ही किसी के भी आशियाने को उजाड़ने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।
–**अब्दुल मतीन सिद्दीकी**, प्रदेश प्रभारी सपा एवं याचिकाकर्ता


“मेरी 71 वर्ग मीटर भूमि है, वर्ष 2003 में रेलवे अतिक्रमण का मामला सामने आया है। मैंने वर्ष 2008 में भूमि फ्री-होल्ड के लिए आवेदन किया था। वर्ष 2015 में भूमि फ्री-होल्ड हुई। अब मैं कानूनी रूप से भूमि का मालिक हूं। रेलवे की वास्तविक भूमि कितनी और कहां है, किसी को पता नहीं है। हमारी मांग थी कि रेलवे की वास्तविक भूमि का सीमांकन हो और सुप्रीम कोर्ट ने भी यही आदेश दिया है। –**अब्दुल वाजिद**, याचिकाकर्ता


“इंदिरा नगर में रहता हूं। मैंने नगर निगम से सूचना के अधिकार में जानकारी मांगी थी कि मेरा मकान जिस भूमि पर है, उसका स्वामित्व किसका है। तब नगर निगम ने लिखित में जानकारी दी कि उक्त भूमि नजूल है और स्वामित्व राज्य सरकार का है। फिर मैं रेलवे अतिक्रमण से बेफिक्र था, लेकिन अचानक रेलवे ने नोटिस थमा दिया। हमारा मानना है कि रेलवे भूमि चिन्हित करें तभी सच सामने आएगा। –**हबीबुर्रहमान अंसारी, याचिकाकर्ता**


“रेलवे के पास कोई ठोस सबूत नहीं है। रेलवे जबरन अपनी जमीन बता रहा है और कोर्ट को गुमराह कर रहा है। जीत सच की होगी। बनभूलपुरा के लोग जायज बात पर पैरवी कर रहे हैं। रेलवे का सीमाकंन ही गलत है जो कि राजनीतिक सीमाकंन था। हम लोग आखिरी दम तक लड़ाई लड़ेंगे।
–**उवैस रजा**, संयोजक बनभूलपुरा बचाओ संघर्ष समिति


“हम विकास विरोधी नहीं हैं लेकिन हम चाहते थे कि रेलवे पहले अपनी जमीन बताए। अपनी जमीन चिन्हित करे ताकि जो जमीन रेलवे की नहीं है उस पर काबिज लोगों की परेशानी कम हो। रेलवे अपने विस्तार का प्लान और जद में आ रहे लोगों के पुनर्वास की योजना बताए। सुप्रीम कोर्ट भी उसी दिशा में जा रहा है। –**शराफत अली खान**, याचिकाकर्ता

## सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा में उठाई मेट्रो चलाने की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने बुधवार को लोकसभा सदन के शून्य काल में नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून में मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग उठाई।



सांसद भट्ट ने लोकसभा सदन में शून्य काल में संसदीय क्षेत्र नैनीताल, ऊधमसिंह नगर में मेट्रो ट्रेन संचालित करने का प्रश्न उठाते हुए कहा कि पर्यटन, तीर्थाटन, स्थानीय व्यवसाय सहित लोकहित के लिए काठगोदाम, हल्द्वानी, रामनगर, काशीपुर, बाजपुर, जसपुर, गदरपुर, दिनेशपुर, रुद्रपुर, लालकुआं, किच्छा, नानकमत्ता, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर के लिए मेट्रो चलाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में मेट्रो शुरू हो चुकी है।

उत्तराखंड बनने के दो दशक के बाद भी तराई क्षेत्र में मेट्रो ट्रेन शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग की। इसके अलावा हरिद्वार, ऋषिकेश, रुड़की, देहरादून और विकास नगर में भी मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग की।

# साफिया मलिक को जमानत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर मलिक का बगीचा (कंपनी बाग) की भूमि कब्जाने के आरोप में 2 अप्रैल से सलाखों के पीछे कैद साफिया मलिक को तीन माह 22 दिन बाद हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। साफिया बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड बताए गए अब्दुल मलिक की पत्नी है।

22 फरवरी 2024 को नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 417,420, 467, 468, 471 के तहत हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि साफिया ने मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर फर्जी तरीके से मलिक का बगीचा स्थित सरकारी जमीन कब्जाई। साफिया को दो अप्रैल को बरेली के बिहारीपुर में उसके मामा के यहां से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की जांच एसएसआई महेंद्र प्रसाद कर रहे हैं। मामले में हाईकोर्ट ने बुधवार को साफिया को जमानत दे दी। आरोपी साफिया की ओर से कहा गया कि वह निर्दोष है और उस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। सरकार की ओर से जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा गया कि उस पर गंभीर आरोप हैं। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद साफिया मलिक को जमानत दी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई।

**अभी भी जेल में है साफिया का पति और बेटा**



बनभूलपुरा हिंसा के मामले में साफिया की बहू को छोड़कर पूरा परिवार जेल में था। अब जाकर साफिया को जमानत मिली है, लेकिन साफिया का पति अब्दुल मलिक और बेटा अब्दुल मोईद अब भी नैनीताल जेल में बंद हैं। दोनों बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी हैं। अब्दुल मलिक और अब्दुल मोईद कई बार जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं, लेकिन कोर्ट ने अभी तक याचिका स्वीकार नहीं की है।

- **पुलिस ने बरेली में उसके मामा के घर से की थी गिरफ्तारी**
- **प्रकरण में सहायक नगर आयुक्त ने लिखाया था मुकदमा**

## चोरी की बाइक के साथ युवक पकड़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दुकान के बाहर से बिना नंबर की बाइक चोरी करने वाला चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक बरामद कर ली है।

आंवला चौकी गेट बरेली रोड निवासी ओम प्रकाश ने कुछ समय पहले ही बाइक खरीदी थी। जिस पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। बीती 13 जुलाई की रात वह मंडी गेट स्थित एक स्वीट हाउस से मिठाई खरीदने गए थे। मिठाई खरीद कर बाहर निकले तो बाइक गायब थी। इस मामले में बनभूलपुरा थाने में 22 जुलाई को मुकदमा दर्ज हुआ। जांच में जुटी पुलिस ने गौला बाईपास स्थित स्लाटर हाउस के पास से गौजाजाली बनभूलपुरा निवासी मो. उमेर पुत्र मो. यामीन को मय चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# गांधी आश्रम में चोरों ने दिनदहाड़े घर में तोड़ी तिजोरी, एक दबोचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शातिर चोरों ने गांधी आश्रम में दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे डाला। एक घर में घुसे चोर ने तिजोरी तोड़कर नगदी निकाल ली, लेकिन तभी हल्ला मच गया। बाहर खड़ा रेकी कर रहा चोर फरार हो गया, लेकिन घर के अंदर दूसरा फंस गया। लोगों ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

फतेहपुर रामड़ी गांधी आश्रम निवासी कंचन बिष्ट यहां किराए के मकान में रहती हैं। कंचन के मुताबिक बुधवार की दोपहर वह पड़ोसी के घर गई थीं। कुछ देर बाद वापस लौटीं तो देखा कि घर के बाहर एक बाइक सवार खड़ा था। कंचन को आता देख बाइक तेजी से भाग निकला। यह देख उन्होंने शोर मचा दिया। शोर मचाती हुई कंचन कमरे में गईं तो ताला टूटा पड़ा था। इधर, शोर सुनकर मोहल्ले के लोग बाहर आ गए। यह देख घर में तिजोरी तोड़ चुका दूसरा चोर भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। हत्थे चढ़े चोर को लोगों ने जमकर पीट दिया।

मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि चोर बुलंदशहर उत्तर प्रदेश का रहने वाला बंटी कुमार पुत्र सूरज है। बंटी अपने दोस्त अली के साथ आया था। दोनों ने पहले रेकी की और फिर चोरी करने के लिए घर में घुस गए। दूसरे साथी की तलाश की जा रही है।


पकड़ा गया चोर। ● अमृत विचार

**दुस्साहस**

- **बाहर खड़ा रेकी कर रहा बाइक सवार चोर हुआ फरार**
- **दूसरे को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ा, उत्तर प्रदेश का है शातिर**

# मलिन बस्तियों का सर्वे कर 15 दिन में रिपोर्ट दें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस से राज्य की नगर निकायों में अवस्थित मलिन बस्तियों के सुधार, नियमितीकरण, पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन, अतिक्रमण निषेध और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। इसमें मंडलायुक्त दीपक रावत ने वीसी से हिस्सा लिया।



मुख्य सचिव रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी जनपद के अंतर्गत यदि मलिन बस्तियां हैं तो उनका सर्वे किया जाए।

यह सुनिश्चित किया जाए कि उन मलिन बस्तियों का क्षेत्रफल कितना है। वहां कितने परिवार व सदस्य रहते हैं, ताकि उनकी मूलभूत जरूरतों पानी, बिजली, आवास आदि पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा 15 दिन के अंदर सर्वे पूरा कर लिया जाए और इसकी सूचना शासन को भेजी जाए।

# टैक्सी यूनियन व संगठन संस्थापक में नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महासंघ टैक्सी यूनियन और राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक के बीच बुधवार को कोतवाली में तीखी नोकझोंक हो गई। उक्त संस्थापक पुलिस से भी भिड़ गया। उसने पुलिस पर टैक्सी यूनियन के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। मामले में टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने संस्थापक के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।

तहसील के बाहर चालकों को रोककर टैक्सी पर राष्ट्रीय सेवा संघ का स्टीकर लगाकर पैसे ले रहे संघ के संस्थापक हिमांशु जोशी को पुलिस कोतवाली ले आई। वजह बताई कि सड़क पर टैक्सी रोकने की वजह से जाम लग रहा था। जानकारी पाकर महासंघ टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पहले तो हिमांशु का पुलिस के साथ विवाद हुआ। उसने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया। अभी पुलिस से कहासुनी हो रही थी कि महासंघ के लोगों ने हिमांशु पर टैक्सी चालकों को बरगलाने और अवैध वसूली का आरोप लगा दिया। इस पर हिमांशु ने भी महासंघ पर वसूली का आरोप लगाया। इसको लेकर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। करीब एक घंटे तक हंगामे के बाद महासंघ के पदाधिकारियों ने हिमांशु के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर सौंपने वालों में किशन पांडे, संजय लोहनी, कृष्ण कुमार आजाद, रोहित कुमार, गौतम मटियाली, महेश पांडे आदि थे।

इधर, हिमांशु का कहना था कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता है। टैक्सी वालों की शिकायत आ रही है कि उनसे अवैध वसूली की जा रही है। वह यही शिकायत लेकर कोतवाली आया था, लेकिन पुलिस ने उसे ही आरोपी बना दिया।


कोतवाली में पुलिस से उलझता संगठन संस्थापक हिमांशु जोशी।

# जिला विकास प्राधिकरण में तैनात दो जेई इधर-उधर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में तैनात दो अवर अभियंताओं (जेई) को इधर से उधर किया गया है। हल्द्वानी में तैनात अंकित सिंह बोरा को भीमताल और यहां तैनात रघुवीर लाल भारती को हल्द्वानी स्थानांतरित किया गया है।

बीते सोमवार को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष/डीएम वंदना सिंह ने समीक्षा बैठक में दो या उससे अधिक वर्षों से जमे अधिकारियों-कर्मचारियों, खासकर हल्द्वानी में तैनात अफसरों का तबादला करने के निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में बुधवार को प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ला ने हल्द्वानी में तैनात जेई अंकित बोरा को भीमताल और यहां तैनात जेई रघुवीर लाल भारती को हल्द्वानी स्थानांतरित किया है। उन्होंने दोनों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त दीपक रावत ने पिछले सप्ताह जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में छापेमारी भी की थी। उन्होंने एक शिकायत मिलने पर जेई बोरा से स्पष्टीकरण मांगा था।

**स्वास्थ्य** बेस अस्पताल और एसटीएच में प्रतिदिन बढ़ रही मरीजों की संख्या, गंभीर मरीज हो रहे भर्ती

# मौसम में बदलाव से बढ़े वायरल इंफेक्शन के मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोग वायरल इंफेक्शन से पीड़ित होने लगे हैं। शहर के सरकारी अस्पतालों में इन दिनों बुखार, सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीज बढ़ गए हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती करने की नौबत आ रही है।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के मेडिसन विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 30 से 40 मरीज वायरल के पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों से भी वायरल के मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं। अस्पताल में चार वायरल पीड़ितों को भर्ती किया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि सामान्य तौर पर वायरल के मरीज दवा से ठीक हो जाते हैं, उन्हें भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ती है। लेकिन कभी-कभी मरीज को बुखार बार-बार आता है। ऐसे में मरीज को भर्ती करने की नौबत आती है।

इधर, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है। यहां भी ओपीडी में वायरल के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। अस्पताल के एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि वायरल के निदान के लिए अस्पताल में पर्याप्त दवाएं मौजूद हैं।


बेस अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चे। ● अमृत विचार

**बारिश में भीगने से बढ़ रहा रोग**

बेस अस्पताल की फिजिशियन डॉ. विनीता निखुर्पा ने बताया कि इन दिनों वायरल का कारण बारिश है। बारिश की वजह से कभी मौसम ठंडा होता है तो बारिश रुकने के बाद उमस भरी गर्मी शुरू हो जाती है। बारिश के दौरान लोग भीग जाते हैं। गीले कपड़ों में लंबे समय तक बने रहने से बीमार होने का खतरा रहता है। इसलिए बारिश के दिनों में भीगने से बचें और ठंडी चीजों का सेवन न करें।

**डेंगू और मलेरिया से फिलहाल राहत**



जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि नैनीताल जिले में अभी तक डेंगू का कोई मरीज नहीं मिला है। डेंगू और मलेरिया से राहत है। उन्होंने बताया कि नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सर्वे और फॉगिंग कर रही हैं। साथ ही लोगों को डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

# नगर निगम चुनाव के लिए 16 नए मतदान केंद्रों को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम चुनाव में 16 नए भवनों में बूथ बनाने पर मंजूरी दे दी है। इसके बाद मतदान केंद्रों की संख्या 81 से बढ़कर 97 हो गई है। हालांकि बूथों की संख्या 278 ही है।

प्रशासन ने नगर निगम चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मई माह में हुए सर्वे के बाद नगर निगम में 7,789 नए मतदाता जुड़े थे, जिसके बाद मतदाताओं की संख्या बढ़कर 2,41,659 हो गई है। हालांकि इसके बाद भी संशोधन हुआ है। इधर, प्रशासन ने नगर निगम के मतदान केंद्रों का सर्वे किया था, जिसमें ऐसे केंद्र शामिल थे जिनमें मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसके अलावा मतदान केंद्र जर्जर व खस्ताहाल हैं। वहां बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी इंतजाम भी नहीं है। 60 वार्डों के 81 मतदान केंद्रों में सर्वे के बाद 16 मतदान केंद्रों को नए स्थानों पर स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया था।

इन 16 मतदान केंद्रों में 41 बूथों को भी नए केंद्रों में शिफ्ट किया जाना है। प्रशासन ने इसका प्रस्ताव बनाकर राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा था। इसे राज्य निर्वाचन आयोग ने मंजूरी दे दी है। इसके बाद मतदान केंद्रों की संख्या 81 से बढ़कर 97 हो गई है। बूथों की संख्या 278 ही है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि प्रशासन ने नगर निगम के सभी मतदान केंद्रों का सर्वे किया था। इसके बाद 16 नए भवनों में 41 बूथों को शिफ्ट करने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे राज्य निर्वाचन आयोग ने मंजूरी दे दी है। अब आगामी निकाय चुनाव में इन नए मतदान केंद्रों में बने बूथों पर मतदान होगा।




**निकाय चुनाव**

- **प्रशासन के प्रस्ताव पर राज्य निर्वाचन आयोग ने लगाई मुहर**
- **मतदान केंद्रों की संख्या 81 से बढ़कर 97 हुई**

## सार-संक्षेप



रामनगर में एनसीसी कैडेट्स के साथ प्राचार्य। ● अमृत विचार

### एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण कैडेट सम्मानित

**रामनगर** : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया गया, 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने बताया कि महाविद्यालय के 65 कैडेटों ने सी प्रमाण पत्र परीक्षा पास की है, जिसमें 79यूके बटालियन के 39 कैडेट तथा 24 यूके गर्ल्स बटालियन के 26 कैडेट शामिल हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो .एमसी पाण्डे ने समस्त कैडेटों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने समस्त कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना कर उनसे भारतीय सेना के उच्च पदों पर भर्ती होकर राष्ट्र सेवा करने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो .एसएस मौर्य, लेफ्टिनेंट डीएन जोशी, लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती, डॉ .प्रमोद जोशी, डॉ .सुमन कुमार, डॉ .निवेदिता अवस्थी ने कैडेटों को बधाई एवं शुभकामना देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रामनगर में पुल का निरीक्षण करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### विधायक ने किया निर्माणाधीन पुलों का निरीक्षण

**रामनगर** : विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने रामनगर रानीखेत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रहे पुलों पनोद तथा धनगढ़ी पुल का निरीक्षण किया। कार्य की प्रगति के बारे में राष्ट्रीय मार्ग के जेई रविन्द्र जलाल से वार्ता की। जेई के द्वारा दोनों ही पुलों में ठेकेदार के द्वारा कराए जा रहे कार्य की गति को देखते हुए यह बताया कि यह दोनों ही पुल अगली बरसात से पूर्व आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। विधायक ने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, आशीष ठाकुर, अरुण कुमार, चंदन बिष्ट, देवेंद्र मेहरा तथा भूपेंद्र खाती मौजूद थे। इसके पश्चात विधायक ने मोहान में रानीखेत रोड पर बन रहे पुल का भी निरक्षण किया तथा विभागीय अधिकारी से पुल का कार्य पूर्ण कर जल्द ही यातायात हेतु खोलने के निर्देश दिए।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलते विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने मुकदमे वापस लेने का आश्वासन दिया

**रामनगर** : विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर गोरक्षा आंदोलन को लेकर पुलिस प्रशासन ने 2021 में 35 कार्यकर्ताओं पर मुकदमे लगाए थे। इनको अब वापस लेने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया है। बता दें कि भाजपा के प्रांतीय गोरक्षा प्रमुख राजपाल हंस ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर इस बाबत वार्ता की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी देकर बताया कि पुलिस ने कैसे आंदोलनकारियों पर मुकदमे दर्ज कर दिए थे। बताते हैं कि सीएम धामी ने संपूर्ण प्रकरण का संज्ञान लेकर तुरंत संबंधित विभाग को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमों को हटाने के आदेश निर्गत कर दिए हैं। इस प्रकरण को लेकर सूरज चौधरी ने बताया कि उस समय आक्रोशित कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जांच के दौरान मुकदमा निरस्त करने का भरोसा दिलाया था मगर मुकदमे नहीं हटाये गए थे। हिंदूवादी संगठनों ने मुख्यमंत्री धामी के इस कार्य की सराहना की है।

### नैनी महिला एवं बाल विकास समिति ने किया पौधरोपण

**नैनीताल** : नैनी महिला एवं बाल विकास समिति के तत्वावधान में टांकी बैंड क्षेत्र में के एक पेड़ मां के नाम थीम पर बृहद पौधरोपण किया गया। संस्था द्वारा प्रति वर्ष हरेले पर्व के उपलक्ष में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पौधरोपण किया जाता है। इस दौरान संस्था अध्यक्ष शैलजा सक्सेना स्कूली छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और पॉलिथीन का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष शैलजा सक्सेना, सचिव सुनीता आर्य, प्रबंधक विजयलक्ष्मी थापा, अनीता सिंह, अंजू, हंसी, मोहिनी, पार्वती शांति, सुमन, भावना, रेणु कोहली व भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, मीनाक्षी बिष्ट, एनएसएस के छात्र-छात्राओं व वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पागड़, सुरई, बाज, बुरांश, पुतली, देवदार आदि के पौधों का रोपण किया गया।

### पूर्व छात्रा नीलम बनी गणित की असिस्टेंट प्रोफेसर



नीलम चन्तोला को नियुक्ति पत्र देते।

**रामनगर** : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की पूर्व छात्रा नीलम चन्तोला गणित विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर बनी हैं। उनका चयन लोक सेवा आयोग उत्तराखंड की ओर से किया गया। उन्हें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे अल्मोड़ा में नियुक्ति मिली है। रामनगर महाविद्यालय के गणित विभाग के प्रभारी डॉ .प्रमोद जोशी ने बताया कि नीलम चन्तोला महाविद्यालय की होनहार छात्रा रही हैं। नीलम की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो .एमसी पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो .एसएस मौर्य, गणित विभाग की प्रभारी डॉ .प्रमोद जोशी, डॉ .पवन टम्टा, डॉ .मुकुल त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने नीलम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



रामनगर में शिक्षक नेता का स्वागत करते साथी। ● अमृत विचार

### शिक्षक नेता गोला का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत


**रामनगर** : राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में सहायक अध्यापक पद कर कार्यरत सुभाष गोला के कर्मचारी शिक्षक संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने पर बुधवार को कॉलेज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हुई बैठक में उत्तरांचल (पर्वतीय) कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नवेंदु मठपाल ने कहा वर्तमान में कर्मचारी शिक्षकों की समस्यायों में इजाफा होते चले जा रहा है। सरकार और विभागीय अधिकारी कार्मिकों की समस्याओं का हल करने के बजाय उत्पीड़न का रास्ता अख्तियार कर रहे हैं। ऐसे में एकजुट हो इसका मुकाबला करना होगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य राम यादव, मनोज जोशी, हरीश चंद्र आर्य, महेंद्र आर्य, शैलेंद्र भट्ट, बालकृष्ण चंद, प्रदीप शर्मा, संजीव कुमार, श्रवण कुमार मौजूद रहे।

## 50 से अधिक आदमखोर बाघों को मौत की नींद सुलाने वाले आयरिश मूल निवासी कार्बेट का जन्म 25 जुलाई 1875 को हुआ था

# टाइगर को खूनी दरिंदा नहीं जंगल का जैंटलमैन कहते थे जिम कार्बेट

**149वें जन्मदिन पर विषेश**

विनोद पपनै, रामनगर



**अमृत विचार** : उनकी धमनियों में बेशक आयरिश रक्त का प्रवाह होता रहा, मगर भारत और भारतीयों के प्रति उनका प्रेम इस कदर था कि लोग उन्हें गोरा साधु, कारपेट साहब के अलावा और न जाने किन किन नामों से जानते थे। जी हां हम बात कर रहे हैं जेम्स एडवर्ड कार्बेट की, जो अपने अंतिम समय में कीनिया में शरीर से मौजूद तो रहे मगर उनका दिल भारत की माटी में वापस आने के लिए अंतिम समय तक तड़पता रहा, हालांकि उनका भारत आने की अभिलाषा अंतिम समय में पूरी नहीं हो सकी।

अपने जीवन में करीब 50 से अधिक आदमखोर बाघों को मौत की नींद सुला देने वाले आयरिश मूल के निवासी कार्बेट का जन्म 25 जुलाई 1875 को हुआ था। उनकी किताब माई इंडिया के अनुवादक संजीव दत्त ने लिखा है नन्हे जिम ने कुदरत की गोद में होश संभाला। कालाढूंगी के खूबसूरत जंगलों में न तो जानवरों की कमी थी और न ही परिंदों की यही जंगल उनका पहला स्कूल था। हर रोज घर एक परिंदा मार कर लाना जिम की जिम्मेदारी थी। तब उनके हाथ में गुलेल थी तो जंगल की सरहद ही उनका घर थी। जब उनके हाथों में बंदूक आयी तो पूरा जंगल ही उनका घर बन गया। बेशक जिम ने अपने जीवन में आदमखोर बाघों को मौत के घाट उतारा हो मगर वह बाघ के दुश्मन कभी नहीं रहे। चम्पावत का नरभक्षी, चौऊगढ़ का शेर, पवलगढ़ का कंवारा शेर, मोहान का नरभक्षी, पीपलपानी का शेर ये ऐसे बाघ थे जिन्होंने सैकड़ों मानवों को अपना निवाला बनाया था। इनका ही जिक्र उन्होंने अपनी पुस्तक कुमाऊं के नरभक्षी के रूप में किया है। इन सबके बावजूद उन्होंने किसी निर्दोष बाघ को मौत के घाट उतारा हो ऐसा उल्लेख कहीं नहीं मिलता। जिम कार्बेट उस दौर में जब लोग शेर (बाघ) को खून का प्यासा दरिंदा कहा करते थे उस दौर में उन्होंने शेर को जंगल का जेंटलमैन की संज्ञा भी दी थी। अपनी पुस्तक माई इंडिया में भले मानुस शेर का जिक्र करते हुए कहा था कि मैं समझता हूं कि शिकारी जिन्हें कैमरे से शेरों के छायाचित्र उतारने और गोली चलाकर उन्हें मारने, इन दोनों तरह का शिकार करने का अवसर मिला होगा। वह इस बात से सहमत होंगे कि कैमरे और राइफल से शिकार करने में अंतर दिखेगा। शिकारी द्वारा मारा गया बाघ केवल उसके लिए ही विजयोपहार हो सकता है, कैमरे से लिया छाया चित्र वन्यजीव प्रेमियों के लिए दिलचस्प होता है। कुछ ऐसा विचार रखते थे जिम कार्बेट, वन्य जीवों के प्रति उनका अटूट स्नेह, वन एवं पर्यावरण के प्रति उनके विचार ही उन्हें और अंग्रेजों से हमेशा अलग रखता है।

**भारत प्रेम कूट-कूट कर भरा था**

जिम ने अपना पूरा जीवन भारत में बिताया। माई इंडिया में उन्होंने लिखा है कि जिस हिंदुस्तान को मैं जानता हूं उसमें 40 करोड़ लोग रहते हैं जिसमें 90 प्रतिशत सीधे-साधे, ईमानदार और वफादार और मेहनती हैं, 19 अप्रैल 1955 को जिम कार्बेट कीनिया में रहते हुए चल बसे।

**बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे**

जिम कार्बेट प्रसिद्ध शिकारी, कारपेंटर, फोटो ग्राफर, पर्यावरणविद, वैद्य के अतिरिक्त खिलाड़ी भी थे। वह कुमाउनी भाषा में बोलने में पारंगत थे।

# नवनिर्मित सड़क कई जगह धंसी, आफत में जान

## बेलबाबा से टीपीनगर चौराहे तक बनी सड़क से लोग परेशान, गड्ढों की वजह से आये दिन हो रहे हैं चोटिल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : सड़क निर्माण में लापरवाही की वजह से लोगों की जान आफत में पड़ गई है। गड्ढों की वजह से लोग आये दिन चोटिल हो रहे हैं। रामपुर रोड में बेलबाबा से टीपीनगर चौराहे तक बनाई गई सड़क में बारिश के पानी से जगह-जगह धंसाव हो रहा है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी यही हाल है।

कुछ माह पूर्व बेलबाबा से टीपीनगर चौराहे तक सड़क को दोनों ओर चौड़ा किया गया था। सड़क चौड़ी होने से यातायात तो सुगम हो गया, लेकिन लोगों के लिए परेशानी भी खड़ी हो गई है। निर्माण के दौरान सड़क के किनारे की जमीन को खोदा गया था। सही तरीके से भरान न करने की वजह से सड़क में गड्ढे हो गए हैं। टीपीनगर चौराहे के पास सड़क पर गड्ढा हो गया है, जिसमें बारिश के दौरान पानी भर जाता है। कई बार लोग गड्ढे में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके अलावा पंचायत घर, गन्ना सेंटर आदि जगहों पर भी सड़क किनारे गड्ढे बने हैं। जिनसे रात के समय दुर्घटना का भय बना रहता है। वहीं डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास भी सड़क किनारे बड़ा गड्ढा हो गया है। यहां भी जमीन धंस रही है।



एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल ले जाने की तैयारी करते लोग। ● अमृत विचार



ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर कई दिनों से सड़क पर बना है गड्ढा। ● अमृत विचार



रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल के सामने सड़क के किनारे खोदा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

### सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, यात्री चोटिल

**हल्द्वानी** : सवारी लेकर जा रहा एक ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। नाली में पहिया जाने की वजह से ई-रिक्शा अनियंत्रित हो गया। जिससे उसमें सवार यात्री भी नाली में गिरकर चोटिल हो गये। बुधवार को हीरानगर क्षेत्र में एक ई-रिक्शा सवारी लेकर जा रहा था, तभी सड़क ऊंची-नीची होने से चालक ने ई-रिक्शा पर नियंत्रण खो दिया और पहिया नाली में चला गया। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। सवार लोगों को हल्की चोट लगी। बताया जाता है कि इससे पहले भी क्षेत्र में सड़क के कारण कई हादसे हो चुके हैं। इधर, नगर निगम के अवर अभियंता नवल नौटियाल ने कहा कि वह मौके पर जाकर स्थिति को देखेंगे।

## नौनिहालों के लिए ईमानदारी से कार्य करना होगा

**रामनगर** : एमपी इंटर कॉलेज के सभागार में विकासखंड रामनगर के सभी राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत राइस फोर्टिफिकेशन की गुणवत्ता संबंधी कार्यशाला में विकासखंड के 177 विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य से आए विषय विशेषज्ञ डॉ. तृप्ति रंजन दास द्वारा योजना के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ फोर्टिफाइड राइस को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक परियोजना अधिकारी हवलदार प्रसाद सिंह ने कहा कि हमें नौनिहालों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए पूर्णनिष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करना होगा।

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज तिवारी के संचालन में आयोजित कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद प्रधानाचार्य एमपी इंटर कॉलेज संजीव शर्मा, ब्लॉक एमडीएम प्रभारी श्रीमती रश्मि जोशी, संकुल समन्वयक शंकर दत्त पांडे आदि मौजूद रहे।

## उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 29 से होगा

**रामनगर** : उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से संचालित परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) का मूल्यांकन कार्य 29 जुलाई से 1 अगस्त के बीच प्रदेश के 2 मूल्यांकन केन्द्रों में सम्पादित किया जायेगा।

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 10,724 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 11,163 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिनकी लिखित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल स्तर पर 248 व इण्टर स्तर पर 241 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों के नियुक्ति पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किए गए हैं।

## गौला पुल के लिए अब तक नहीं हुई टेंडर प्रक्रिया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : इंदिरानगर बाईपास पर बने गौला पुल की नींव की सुरक्षा के लिए 24 करोड़ रुपये से कार्य होना है। दो कंपनियों के टेंडर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मई माह में निरस्त किए थे। आचार संहिता की वजह से फिर टेंडर नहीं हुए। अब फिर से दो नई कंपनियों ने टेंडर डाले हैं। मानसून से पहले कार्य पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।

गौला पुल की नींव कमजोर हो गई है। सर्वे में भी यह बात सामने आ चुकी है। करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से नींव को मजबूत करने के लिए ढांचा बनाया जाना है। अप्रैल माह में तय हुआ कि गौला पुल को बचाने के लिए ढांचा बनाया जाएगा, यह काम मानसून से पहले कर दिया जाएगा। इसके लिए टेंडर आमंत्रित किए गए। दो कंपनियों ने टेंडर डाले, लेकिन मानकों को पूरा नहीं करने की वजह से 30 अप्रैल को टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इसके बाद मानसून शुरू हो गया और एक बार फिर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई। दो कंपनियों ने फिर से टेंडर डाले। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में एनएचएआई ने दावा किया था कि शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा और कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# 100 बसों के संचालन पर रोक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार** : गढ़वाल मोटर ऑनर्स यूनियन लिमिटेड कोटद्वार मुख्य कार्यालय ने पुरानी 100 बसों के संचालन पर रोक लगा दी है। फैसले से बस ऑपरेटरों में भारी नाराजगी है। फिटनेस और परमिट प्राप्त 15 साल पुरानी बसों को रोकने के खिलाफ ऑपरेटरों ने बुधवार को एआरटीओ रामनगर से मिलकर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

रूट से जिन बसों को हटाया गया है उनमें से लगभग 17 बसें रामनगर कार्यालय से संचालित होती हैं। गुस्साए बस मालिकानों ने एआरटीओ संदीप वर्मा को उनके कार्यालय में पहुंचकर बताया कि जीएमओयू लि. के डायरेक्टर बोर्ड ने मंगलवार को 15 साल पुराने फिटनेस और परमिट प्राप्त बसों को अपनी कंपनी के अंतर्गत चलाने पर रोक लगा दी है। इससे जहां आम जनता को यात्रा करने के लिए बसें नहीं मिल रही हैं, वहीं बस ऑपरेटरों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। एआरटीओ संदीप वर्मा ने इस संदर्भ में बस संचालको को जानकारी प्राप्त करने का आश्वाशन दिया है। इस दौरान भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, गणेश पंत, प्रकाश मनराल, पुनीत सुंदरियाल, संजीव अग्रवाल, मोहित पांडे, गौरव पांडे, हेम चंद्र मौजूद रहे।



एआरटीओ को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

> जीएमओयू लिमिटेड ने कई बसों को फिटनेस के नाम पर सड़क पर उतारने से रोक दिया है। कंपनी प्रशासन से इस बारे में जानकारी ली जाएगी कि उसने ऐसा फैसला किस आधार पर लिया है। -**संदीप वर्मा**, एआरटीओ रामनगर




टिहरी के लिए रवाना होता विभिन्न संगठनों का जत्था। ● अमृत विचार

## श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि देने जत्था टिहरी रवाना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार**: श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को कुमाऊं के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं का दल टिहरी के लिए रवाना हुआ। बता दें कि गुरुवार को अमर बलिदानी श्री देव सुमन का 80वां शहीदी दिवस है।

इस अवसर पर उत्तराखंड के विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता सुमन पार्क, नई टिहरी पहुंचकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन करेंगे तथा जेल का दौरा भी करेंगे जहां पर श्री देव सुमन की यादें संजो कर रखी गई हैं। वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी ने बताया कि टिहरी में श्री देव सुमन के शहादत दिवस पर उत्तराखंड के जल जंगल जमीन के विनाश, शिक्षा, रोजगार के संकट तथा नफरत नहीं रोजगार दो, अभियान को आगे बढ़ाने की रणनीति भी तय की जाएगी। इस दौरान समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार, महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत, कुमाऊं से किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, गोपाल लोदियाल, लक्ष्मी सिंह, सरस्वती जोशी, मो. अशरफ, दिगंबर बवाड़ी, जगदीश, प्रेम प्रकाश व पावनी समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

## सुधार परीक्षा के आखिरी दिन 370 रहे अनुपस्थित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार** : उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर की ओर से संचालित 18 जुलाई से आरंभ हुई परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) का समापन 24 जुलाई को हो गया। आखिरी दिन बुधवार को 370 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) के अंतिम दिन हाई स्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई।

इस परीक्षा के लिए 7,769 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 7,399 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। जबकि 370 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। छः दिवसीय इन परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग का कोई भी मामला प्रकाश में नहीं आया है। हाईस्कूल परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 10,724 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 11,163 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) संपन्न होने के बाद बोर्ड मुख्यालय पर उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई। मूल्यांकन कार्य 29 जुलाई 1 अगस्त के बीच प्रदेश के 2 मूल्यांकन केन्द्रों में सम्पादित किया जाएगा। परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि लिखित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल स्तर पर 248 व इण्टर स्तर पर 241 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों के नियुक्ति पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किए गए हैं। साथ ही विद्यालय की पोर्टल आईडी पर भी अपलोड किए जा रहे हैं। इसके साथ ही मूल्यांकन सामग्री भी मूल्यांकन केन्द्रों को भेज दी गई है। मूल्यांकन के प्रथम दिन मास्टर ट्रैनर के द्वारा मूल्यांकन केन्द्रों पर प्रशिक्षण के उपरान्त मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। त्रुटिरहित मूल्यांकन के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी चलाये जायेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## सार-संक्षेप



महिला कॉलेज में हरेला पखवाड़ा के समापन पर छात्रा को प्रमाण पत्र देतीं प्राचार्य।

### महिला डिग्री कॉलेज में हरेला पखवाड़ा संपन्न

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में नमामि गंगे के तहत चल रहा हरेला पखवाड़ा संपन्न हो गया है। 16 से 23 जुलाई तक चले इस पखवाड़े के तहत पौधरोपण किया गया। साथ ही निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और जीवन में कुछ नया व बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। प्राचार्य और कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एके श्रीवास्तव ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता पंत ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रभा साह, डॉ. फकीर सिंह मौजूद रहे।



वुशु के लिए चयनित जय दुर्गा मार्शल आर्ट के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### वुशु में जय दुर्गा एकेडमी के खिलाड़ियों का चयन

**हल्द्वानी :** वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 26 से 31 जुलाई तक तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में 23वीं जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जय दुर्गा मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें बालिका वर्ग में करुणा लखेरा, उन्नति बिष्ट और बालक वर्ग में प्रिंस लखेरा व पारस रौतेला शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों को एकेडमी के वुशु प्रशिक्षक विनोद लखेरा, वुशु प्रशिक्षक व अंतर्राष्ट्रीय जज अंजना रानी, सुमन साह, अनीता लखेरा, प्रकाश पांडे, मनोज उप्रेती, शालिनी भट्ट ने बधाई दी है।

### स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव को आदेशित करें डीएम

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं के सभी जनपदों के निकायों में स्ट्रीट लाइटों के अनुरक्षण के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त रावत ने कहा कि निकायों में स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। निकायों में खराब हो चुकी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं होती है। रखरखाव के अभाव में स्थिति बदतर होती जाती है। यह निकायों की जिम्मेदारी है कि क्षेत्र में जितनी भी स्ट्रीट लाइट हैं, प्रत्येक स्ट्रीट लाईट की नियमित चेकिंग करें और खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपदों में डीएम स्तर से प्रत्येक निकाय को आदेशित किया जाए कि निकायों में लगीं स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव के लिए कार्मिकों को दायित्व सौंपे जाएं और नियमित निरीक्षण के बाद खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करा जाए। अधिकारी भी इसकी नियमित समीक्षा कर सकते हैं।



सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

### विद्युत विभाग के ईई के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी :** निवर्तमान पार्षद रोहित कुमार से अभद्रता करने वाले विद्युत विभाग के ईई के खिलाफ देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने भी मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर ईई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा कि निवर्तमान पार्षद रोहित अपने क्षेत्र में विद्युत कटौती और ओवरलोड की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट के पास गये थे, लेकिन उन्होंने समस्या का समाधान करने के बजाए अभद्रता की। शाखा अध्यक्ष रवि चिंडालिया ने कहा कि जनसमस्याओं को उठाना जनप्रतिनिधि की नैतिक जिम्मेदारी है। ईई ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रोहित पर झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ईई प्रदीप बिष्ट पर कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में राहत मसीह, श्याम बाबू, जय प्रकाश, अमरदीप, विजय पाल, दिनेश चौधरी, अशोक चौधरी, रोहित टांक, विजय, रामू भारती, अमित कुमार, अंकुश शामिल थे।

# निजी फिटनेस सेंटर के कर्मियों ने दो वाहन स्वामियों से की मारपीट

## दो घंटे तक बनाए रखा बंधक, फिटनेस में वाहनों को फेल करने पर हुआ भारी हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन विभाग का निजी फिटनेस सेंटर भ्रष्टाचार और मारपीट का अड्डा बन गया है। इसका ताजा मामला बुधवार को सामने आया। बेलबाबा स्थित निजी फिटनेस सेंटर के कर्मचारियों ने वाहन स्वामी विक्रम सिंह और शिवराज सिंह बिष्ट के साथ पहले मारपीट की। फिर उन्हें दो घंटे तक बंधक बनाकर रखा। बताया जाता है कि विक्रम और शिवराज ने फिटनेस में वाहनों को बार-बार फेल करने का आरोप लगाया। जिससे कर्मचारी भड़क उठे।

मामले की जानकारी जैसे ही उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ऑनर्स महासंघ के पदाधिकारियों को लगी तो उनमें आक्रोश फैल गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर फिटनेस सेंटर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही विरोध-प्रदर्शन करते हुए रोष प्रकट किया। भारी हंगामे की सूचना पर पहुंची भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वाहन स्वामियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। वह मारपीट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद महासंघ के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराने की मांग की है।





निजी फिटनेस सेंटर के खिलाफ नारेबाजी करते वाहन स्वामी। ● अमृत विचार

महासंघ के अध्यक्ष राकेश जोशी ने बताया कि सरकारी फीस का भुगतान करने के बाद फिटनेस में वाहनों को फेल किया जा रहा है। बाद में दलालों के जरिये 10 से 15 हजार रुपये लेकर वाहनों को पास कर दिया जा रहा है। गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट व ट्रांसपोर्टर हरजीत सिंह चड्डा ने कहा कि फिटनेस सेंटर में हो रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रक मालिकों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मारपीट की घटना से ट्रांसपोर्टरों में भारी आक्रोश है। उन्होंने महासंघ को समिति की ओर से समर्थन देने की बात कही और झूठे मुकदमे लगाने पर सड़क पर उतरने की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में गिरीश मेलकानी, उमेश पांडे, दया किशन, हरीश मेहता, बृजेश तिवारी, सहित कई वाहन स्वामी मौजूद रहे।

### आज से नहीं चलेंगे वाहन, होगा धरना-प्रदर्शन

वाहन स्वामियों के साथ निजी फिटनेस सेंटर में हुई मारपीट की घटना से वाहन स्वामियों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ऑनर्स महासंघ ने गुरुवार से बंद का ऐलान किया है। महासंघ के अध्यक्ष राकेश जोशी ने बताया कि जब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक वाहनों के पहिये जाम रहेंगे। साथ ही फिटनेस सेंटर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासंघ को गौला खनन संघर्ष समिति, टैक्सी यूनियन और केमू यूनियन ने भी अपना समर्थन दिया है।



कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# फोटो खिंचवाने वालों के लिए संगठन में जगह नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्यक्रम**

- अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने सदस्यता कार्यक्रम में किया दावा

**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान जारी है। मुखानी मंडल में हुए कार्यक्रम में 50 से अधिक व्यापारियों को सदस्यता ग्रहण कराई गई।

बुधवार को मुखानी मंडल की ओर से कठघरिया स्थित एक रेस्टोरेंट में कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, कुमाऊं अध्यक्ष भुवन भट्ट, शहर अध्यक्ष डिंपल पांडेय, मंडलीय अध्यक्ष दिगंबर भोजक ने किया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश में अन्य व्यापार मंडल भी हैं, लेकिन हमारा ध्येय प्रत्येक व्यापारी के हित का ध्यान रखना है। केवल फोटो खिंचवाने वाले संगठन में पद नहीं लें। हम भी ख्याल रखेंगे कि उन्हें पद नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि छोटे से छोटे व्यापारी तक पहुंचेंगे और उसकी आर्थिक समस्या के लिए भी समाधान करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सह प्रभारी अतुल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर 50 से अधिक व्यापारियों को सदस्यता ग्रहण कराने के साथ ही दायित्व भी सौंपे गए। इस दौरान परविंदर नागपाल, भूपेंद्र बिष्ट, अमित चौहान, सत्येंद्र त्यागी, ज्योति अवस्थी, अतुल प्रताप सिंह, मुकेश जोशी, संजय बिष्ट, कैलाश बिष्ट, अर्जुन सिंह, बालम जोशी, कैलाश बिष्ट, अर्जुन लटवाल, दीपक जोशी, वीरेन्द्र रावत ,पवन बिष्ट, कुन्दन गैड़ा, विरेन्द्र पाल नेगी, अंकित बिष्ट, नागेन्द्र, रोहित आदि मौजूद रहे।

# पिछले एक सप्ताह में कमजोर हुआ मानसून

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में पिछले एक सप्ताह में मानसून काफी कमजोर हुआ है। सामान्य से 65 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून फिर से रफ्तार पकड़ सकता है।

वर्ष 2023 में 17 से 24 जुलाई तक जिले में सामान्य तौर पर 126.3 मिलीमीटर बारिश हुई थी, लेकिन इस बार 44.8 मिलीमीटर ही बारिश हुई। जबकि मानसून के आगमन के साथ ही जुलाई के पहले पखवाड़े में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई थी। यही नहीं ऊधमसिंह नगर जिले में भी पिछले एक सप्ताह में 48 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि सामान्य तौर पर 71.6 मिलीमीटर बारिश होती है जो सामान्य से 33 प्रतिशत कम है। अगले चार दिन तक जिले में बारिश का यलो अलर्ट है। इधर, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मानसून कभी रफ्तार पकड़ सकता है। जुलाई माह में अभी तक बारिश की बात करें तो अच्छी बारिश हुई है।

### रिमझिम बारिश से मिली राहत

बुधवार को शहर और आसपास के इलाकों में रिमझिम बारिश हुई। दिनभर में दो बार बारिश के झोंके आये। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# एथेनॉल प्लांट निर्माण पर रोक लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से चकलुवा सुरपुर फलपट्टी क्षेत्र में एथेनॉल प्लांट के निर्माण पर रोक लगाने और पर्यावरणीय स्वीकृति के तथ्यों की जांच की मांग की है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को विधायक भगत के नेतृत्व में चकलुवा सुरपुर के ग्रामीण नई दिल्ली पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंप कर कहा कि चकलुवा सुरपुर फलपट्टी क्षेत्र में एथेनॉल प्लांट लगाया जा रहा है। रतनपुर ग्रामसभा के ग्रामीण बीते दो वर्षों से इस प्लांट का विरोध कर रहे हैं। चकलुवा फलपट्टी क्षेत्र है, वातावरण प्रदूषित करने वाले प्लांट को अनुमति देना नियम विरुद्ध और ग्रामीणों के साथ अन्याय है। प्लांट बनने से उत्पादन और काश्तकारों की आजीविका प्रभावित होगी। उनका कहना है कि परियोजना प्रबंधक ने गलत तथ्य पेश कर पर्यावरणीय स्वीकृति हासिल की है, इसकी जांच करने के उपरांत फैक्ट्री निर्माण बंद किया जाए। इसके लिए युवाओं ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की थी, लेकिन ठोस हल नहीं निकला। इसके बाद वे केंद्रीय मंत्री यादव के पास पहुंचे हैं। आरोप लगाया कि परियोजना प्रबंधक ने हाथी कॉरिडोर, गूलर घाटी नदी, आबादी क्षेत्र की दूरी जैसे महत्वपूर्ण तथ्यों की गलत जानकारी दी है। इनकी जांच करवाई जाए और गलत मिलने पर निर्माण बन्द किया जाए और परियोजना प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस दौरान विनोद बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, दीपेश जलाल, कुंदन बसेड़ा, गोपाल बुढलाकोटी, महेंद्र दिगारी, कैलाश मौजूद रहे।



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का बुके देकर स्वागत करते विधायक बंशीधर भगत व ग्रामीण। ● अमृत विचार

**मुलाकात**

- केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से मिले चकलुवा के ग्रामीण
- मंत्री ने अधिकारियों को दिए जांच के निर्देश

# खेत में गुलदार की सूचना, मिला कब्र बिज्जू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हाथीखाल क्षेत्र में मक्के के खेत में मादा गुलदार की शावकों के साथ घूमने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के हाथ खाली रहे। बाद में खेत के समीप कब्र बिज्जू मिला तो टीम ने राहत की सांस ली।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज में बुधवार की सुबह 7.30 बजे राम प्रकाश शर्मा निवासी हाथीखाल ने सूचना दी कि गांव में ही मक्के के खेत में काम कर रहे मजूदर ने गुलदार को शावकों के साथ घूमते देखा है। गौला रेंज की वन टीम क्विक रिस्पांड टीम के साथ मौके पर पहुंची और गुलदार को रेस्क्यू करने के लिए ऑपरेशन चलाया। काफी देर तक गुलदार का पता नहीं चला, फिर ड्रोन से खेत का चप्पा-चप्पा छाना गया, लेकिन पता नहीं चला। खेत के समीप ही कब्र बिज्जू मिला और बिल्ली के बच्चे दिखाई दिए। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि एक टीम गश्त कर रही है, ताकि मानव वन्यजीव संघर्ष नहीं हो।



मक्के के खेत में गुलदार की तलाश करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# कुश्ती में दमखम दिखाएंगे छात्र

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के छात्र पहली बार कुश्ती (रेसलिंग) में अपना दमखम दिखाएंगे। कुश्ती में करियर की संभावनाओं को देखते हुए कॉलेज के छात्रों को पहली बार कुश्ती के दांव सिखाए जाएंगे।

अगस्त माह के पहले सप्ताह से कॉलेज में अंतर संकाय खेल प्रतियोगिता शुरू होगी, जिसमें इस बार कुश्ती को भी रखा गया है। अंतर संकाय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, कबड्डी, वालीबाल, हैंडबॉल और रेसलिंग की प्रतियोगिताएं होंगी। ये प्रतियोगिताएं लगभग एक माह तक चलेंगी। स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र अंतर संकाय प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। रेसलिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 छात्रों का चयन प्रशिक्षण कैंप के लिए किया जाएगा। रेसलिंग में आठ वेट कैटेगरी होती हैं। काशीपुर के प्रशिक्षक छात्रों को रेसलिंग के गुर सिखाएंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में 12 दिनों तक छात्रों को रेसलिंग की विभिन्न तकनीकों से रूबरू कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये छात्र कुमाऊं विवि, नॉर्थ जोन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगें।

**अक्टूबर से होंगे वार्षिक खेलकूद :** एमबीपीजी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता अक्टूबर माह में होंगी। पीटीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स के 20 इवेंट होंगे। इन खेलों के लिए बड़े मैदान की आवश्यकता होगी। गौलापार स्टेडियम में वार्षिक खेलकूद कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### एमबीपीजी में आज से स्नातक में होंगे प्रवेश



**हल्द्वानी :** एमबीपीजी महाविद्यालय में गुरुवार (आज) से स्नातक में प्रवेश शुरू हो जाएंगे। प्रवेश प्रभारी डॉ. अमित सचदेव ने बताया कि स्नातक के छात्र-छात्राओं को अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। समर्थ पोर्टल में पंजीकृत छात्र महाविद्यालय पहुंचकर अपने दस्तावेज सत्यापित कर प्रवेश ले सकते हैं। इधर, बुधवार को एमबीपीजी महाविद्यालय में कुल 81 प्रवेश हुए। जिसमें 24 प्रवेशार्थियों ने फीस जमा कर दी है। वहीं राजकीय महिला महाविद्यालय में कुल 43 प्रवेश हुए। जिसमें एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन विज्ञान में 6, एमएससी प्रथम सेमेस्टर भौतिक विज्ञान में 3, एमएससी प्रथम सेमेस्टर बॉटनी में 11, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में 16, एमए प्रथम सेमेस्टर हिंदी में 5 और एमए प्रथम सेमेस्टर अंग्रेजी में 2 छात्राओं ने प्रवेश लिया। जबकि एमए योगिक विज्ञान और पीजी डिप्लोमा में एक भी प्रवेश नहीं हुआ।

# अतिथि शिक्षकों को सता रहा नौकरी जाने का डर

संवाददाता, हल्द्वानी

**चिंता**

- प्रदेश में 4,300 अतिथि शिक्षक हैं कार्यरत
- स्थानांतरण से 2000 अतिथि शिक्षक हो सकते हैं प्रभावित

**अमृत विचार :** प्रदेश में माध्यमिक शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है। जिससे अतिथि शिक्षकों को अपनी नौकरी जाने का डर सता रहा है। अतिथि शिक्षकों ने राज्य सरकार से उनके पदों को सुरक्षित करने और समान कार्य समान वेतन की मांग की है।

प्रदेश में वर्तमान में 4,300 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। वर्तमान में चल रही स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत लगभग 2000 अतिथि शिक्षकों के प्रभावित होने का अनुमान है। नैनीताल जिले में नियुक्त 500 अतिथि शिक्षकों में से 300 अतिथि शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद दानू का कहना है कि स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत जिन स्कूलों में अतिथि शिक्षकों को मिलाकर 70 फीसदी शिक्षक हैं, केवल उन स्कूलों के शिक्षकों का स्थानांतरण हो सकता है।

वहीं, स्थायी शिक्षकों का स्थानांतरण अतिथि शिक्षकों के पदों को खाली मानते हुए किया जा रहा है, जो बिल्कुल न्याय संगत नहीं है। एक तरफ स्थानांतरण के लिए अतिथि शिक्षकों के होने का लाभ लिया जा रहा है। दूसरी ओर अतिथि शिक्षकों के पदों को खाली माना जा रहा है।



## वर्चुअल मीटिंग में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मंथन

**रुद्रपुर :** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर उपनल संविदा कर्मचारी संघ कभी भी आंदोलन की राह पर चल सकता है। इसको लेकर कुमाऊं-गढ़वाल मंडल के संयोजकों के साथ प्रांतीय पदाधिकारियों ने वर्चुअल मीटिंग कर मंथन किया। साथ ही ऐलान किया कि जल्द ही आंदोलन की तिथि घोषित कर दी जाएगी। संघ के कुमाऊं मंडल संयोजक मनोज कुमार ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व ने दोनों मंडलों के संयोजक के साथ वर्चुअल मीटिंग की है। इसमें 10 से 12 वर्षों से कार्यरत किसी भी कर्मचारी को नहीं हटाने, कार्यकाल के दौरान संविदा कर्मी की मृत्यु होने पर आश्रित को नौकरी देने और एकमुश्त किस्त आर्थिक सहायता देने, कर्मचारियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट नियमितीकरण की नियमावली बनाई जाने, उपनल कर्मचारियों को वर्ष 2013 की नियमावली में रखने समेत कई मुद्दों पर मंथन किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि जल्द ही प्रदेश सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### नियमित सफाई नहीं होने से चौक के पास फैली गंदगी, उग रही बड़ी-बड़ी घास, कल मनेगा कारगिल विजय दिवस

# विडंबना : कुंडेश्वरी में शहीद चौक की हो रही दुर्दशा

हालात

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** यह कैसी बिडंबना है कि जिन कारगिल शहीदों के नाम पर शहीद चौक बनाया गया है। वह देखरेख के अभाव में गंदगी से पटा पड़ा है। 26 जुलाई को एक बार फिर प्रशासन को शहीदों की याद आएगी और फिर इसकी सफाई की जाएगी।

जहां एक ओर सरकार शहीद सैनिकों के लिये कई घोषणाएं कर रही हैं। वहीं इन स्मारकों की याद राष्ट्रीय पर्व और विशेष आयोजनों पर ही आती है। कारगिल शहीद अमित नेगी और पदम राम की याद में कुंडेश्वरी में शहीद चौक बनाया गया। इसका सौंदर्यीकरण भी कर दिया गया, लेकिन देखरेख के अभाव में शहीद स्मारक के बाहर गंदगी के ढेर लगे हैं, वहीं स्मारक के अंदर भी बड़ी-बड़ी घास उग आई हैं। जबकि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की सिल्वर जुबली मनाई जानी है। अक्टूबर 2016 में पर्यटन विभाग व विनियमित क्षेत्र द्वारा 9.87 लाख की लागत से शहीद चौक का सौंदर्यीकरण कर फव्वारे आदि लगाये गये। इसका तत्कालीन कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य ने लोकार्पण किया था। राष्ट्रीय पर्व व विशेष आयोजनों पर शहीद स्मारक पर कार्यक्रम आदि आयोजित किये जाते हैं। उस समय स्मारक की साफ-सफाई भी की जाती है, लेकिन वर्तमान में स्मारक के बाहर कूड़े के ढेर लगे हैं। अंदर भी गंदगी के साथ घास उग आई है। लोगों का कहना है कि अब 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर यहां कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उससे पहले ही यहां की सफाई की याद आएगी।



काशीपुर के कुंडेश्वरी में शहीद चौक के आसपास फैली गंदगी। ● अमृत विचार



शहीद चौक के अंदर उगी घास। ● अमृत विचार

# अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रखें पैनी नजर

### डीएम ने मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, खनन वाहनों के करें रूट निर्धारित, शत-प्रतिशत राजस्व वसूली को कहा

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने खनन वाहनों को निर्धारित रूट पर ही चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन, अवैध खनन परिवहन व अवैध खनन भंडारण पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा जनपद में कानून व्यवस्था बनाने के साथ ही वादों का त्वरित निस्तारण करने और शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक के दौरान दिए। उन्होंने अधीनस्थ न्यायालयों में पुराने वादों को प्राथमिकता से तारीखें लगाकर निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खनन, परिवहन, जीएसटी, आबकारी, बैंकों, निगमों आदि की बड़ी आरसी की सूची तहसीलवार तैयार करते हुए वसूली की जाए। साथ ही आरसी का मिलान तहसील में जाकर अवश्य कराए और तहसीलदारों को 10-10 बड़े बकायादारों की सूची बनाते हुए कड़ाई से वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनन आबकारी, परिवहन, राज्य कर के अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उपनिदेशक खनन ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 70 करोड़ रुपये का वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह जून तक 60 करोड़ राजस्व प्राप्ति हुई है। जून तक 420 वाहनों का अवैध खनन परिवहन में चालान किया गया है जिससे 2.46 करोड़ की धनराशि वसूल की गयी है। उन्होंने आबकारी अधिकारी को अवैध कच्ची शराब बनाने व विक्रय करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### ओवरलोडिंग और ओवर स्पीड पर करें पूर्ण नियंत्रण

**रुद्रपुर** : जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आए दिन ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड से दुर्घटनाओं की सूचना मिल रही है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी, एआरटीओ, पुलिस संयुक्त अभियान चलाते हुए ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड पर पूर्ण नियंत्रण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की फिटनेस चैकिंग के साथ ही बिना परमिट संचालित वाहनों की नियमित जांच की जाए।

### जनपद में 35 गांवों में चकबंदी के कार्य में लाएं तेजी

**रुद्रपुर** : जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को मजिस्ट्रियल जांचें त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में बाढ़ आपदा कार्य एवं प्रभावितों को तेजी से राहत कार्य एवं सहायता धनराशि वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में 35 गांव में चल रहे चकबंदी कार्य में गति लाने के साथ ही गांव की चकबंदी डिटेल बनाकर अपर जिलाधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश चकबंदी अधिकारी को दिए।

### आपदा में वितरित भोजन और राशन किट की जांच करने के निर्देश

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को आपदा के दौरान वितरित किए जाने वाले भोजन व राशन किट की पूर्ण जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही आपदा राहत कार्य दौरान जिला पूर्ति अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।

### बैठक में ये लोग रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविंद्र बिष्ट, राकेश तिवारी, गौरव पांडे, रविंद्र जुवांठा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डीजीसी नंदन सिंह धामी, मनोज तिवारी, बरीत सिंह, पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, उप निदेशक खनन डॉ. अमित गौरव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद फुलारा, चकबंदी अधिकारी सुभाष गुप्ता, सीओ विमल रावत, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा आदि मौजूद थे।

# कुंडेश्वरी सड़क पर भरे गए गड्ढे

खबर का असर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बीते दिनों हुई तेज बारिश के चलते कुंडेश्वरी से जैतपुर को जाने वाली सड़क पर गड्ढे होने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अमृत विचार में खबर छपने के बाद हरकत में आए प्रशासन ने बुधवार को गड्ढे भर दिये।

कुंडेश्वरी से जैतपुर को जाने वाली सड़क पर बारिश के चलते गड्ढे हो गए थे। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता था। बरसात होने पर गड्ढों में पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं, ऐसे में कई बार हादसे हो जाते हैं। इस सड़क पर चलने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ था। यह सड़क जैतपुर से रामनगर को जाने वाला बाईपास है। जिसमे बड़े-बड़े डंपर व ट्राला उपखनिज लेकर जाते हैं।



काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में सड़क पर हुए गड्ढे भरते मजदूर। ● अमृत विचार

### गंगापुर रोड का चौड़ीकरण काम शुरू

**रुद्रपुर** : बगवाड़ा दक्ष खेड़ा गंगापुर रोड तीन पानी होते हुए सिडकुल तक करीब तीन किमी सड़क मार्ग का चौड़ीकरण काम शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ का आभार जताया है। विगत दिवस वरिष्ठ भाजपा नेता ने जिलाधिकारी को इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा था। बुधवार को एनएच 74 रुद्रपुर किच्छा के मध्य बगवाड़ा स्थित गल्ला मंडी के सामने बगवाड़ा दक्ष खेड़ा गंगापुर रोड तीन पानी होते हुए सिडकुल तक करीब तीन किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण काम शुरू होने पर चुघ ने कहा कि वह जनहित के मुद्दों को लेकर सदैव कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह मार्ग काफी संकरा था और मिनी बाईपास कहा जाता था। इस मार्ग में कई शैक्षिक संस्थान और कालोनियां विकसित हैं, लेकिन सड़क संकरी होने के कारण दुर्घटनाओं का डर बना रहता था।

# शहर में डेंगू को लेकर नगर निगम अलर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

### सतर्कता

- 40 वार्डों में फॉगिंग और कीटनाशक दवा के छिड़काव के लिए बनाईं 10 टीमें
- प्रत्येक 10 दिन बाद दोबारा फॉगिंग और दवा के छिड़काव के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** बारिश के बाद डेंगू के डंक से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए नगर निगम ने वार्डों में फॉगिंग करने के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव दोबारा से करना शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी वार्डों के लिए छह टीम बनायी गयी है। जो प्रतिदिन वार्डों में फॉगिंग के साथ ही कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रही है।

नगर निगम के तहत 40 वार्ड शामिल हैं। इन वार्डों में पहले चरण में दो माह पूर्व कीटनाशक दवा का छिड़काव शुरू कर दिया गया था। जून में अधिक गर्मी के चलते इस बीच में ही रोकना पड़ा। इसके बाद आयी बारिश से कई वार्डों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी थी। इससे वहां डेंगू का खतरा बढ़ गया था। इसे देखते हुए निगम की टीम ने एक बार फिर से वार्डों में फॉगिंग के साथ ही कीटनाशक दवा का छिड़काव शुरू कर दिया है।

नगर निगम की प्रभारी मुख्य नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने बताया कि सभी वार्डों में पूर्व में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था। बारिश के बाद फिर से वार्डों में फॉगिंग के साथ दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इसके लिए छह टीमें गठित की गई हैं जो वार्डों में फॉगिंग के साथ दवा का छिड़काव कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी को हर दस दिन बाद दोबारा से वार्डों में फॉगिंग के साथ दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए गये हैं।

## हादसे में बालक घायल

**बाजपुर:** मदरसे में पढ़ने जा रहे बाजपुर निवासी रईस अली के 10 वर्षीय बेटे ईशान अली को बाइक सवार युवकों ने चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजन उपजिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। बालक को गंभीर हालत होने पर रेफर कर दिया है।

**सख्ती** सभी चिकित्साधिकारियों को दिए गए निरीक्षण करने के निर्देश

# नियम विरुद्ध चल रहे पैथोलॉजी लैबों पर हो कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत जनपद के सभी चिकित्सा अधिकारियों के साथ ही डेंगू कार्य को संचालित कर रहे हेल्थ केयर वर्कर को डेंगू रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान सीएमओ ने डेंगू वॉलियंटर के प्रतिदिन किए जा रहे कार्य की निगरानी, निजी पैथोलॉजी लैबों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं या डेंगू जांच शुल्क अधिक ले रहे हैं तो शीघ्र नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी बुखार के मरीजों की मलेरिया जांच अनिवार्य की जाए।

बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि सभी सरकारी चिकित्सालयों में डेंगू वार्ड का निर्माण किया जाना चाहिए। किसी भी मरीज को डेंगू एलाइजा जांच रिपोर्ट के आधार पर ही रिपोर्ट कार्ड निर्धारित किया जाए। सभी चिकित्सालयों में डेंगू से संबंधित आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में रखे जाएं। यदि किसी भी चिकित्सालय में डेंगू जांच से संबंधित किसी भी सामग्री की आवश्यकता है तो जल्द मांग पत्र प्रेषित किया जाए।

इससे पूर्व जनपद कार्यक्रम अधिकारी एनवीबीडीसीपी डॉ. राजेश आर्या ने वर्तमान में जनपद में डेंगू रोग से संबंधित निरोधात्मक कार्रवाई की जानकारी दी। एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी डॉ. संतोष पांडेय ने जनपद में डेंगू की वर्तमान स्थिति के बार में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. एचसी त्रिपाठी, डॉ. उदय शंकर, डॉ. खेमपाल, डॉ. धीरेंद्र मोहन, डॉ. संजीव सरना, डॉ. पीडी गुप्ता, डॉ. कवलजीत सिंह, डॉ. राजीव पुनेठा, डॉ. अभिलाषा, हिमांशु मस्युनी, डीएस भंडारी, चांद मियां, तौफिक अहमद, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।





प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Saephanie (पुराना नाम) से बदलकर Saephanie Mathew (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे Saephanie Mathew (नया नाम) D/o Mathew के नाम से जाना पहचाना जाए।
- **वर्तमान पता** Nirmala Campus, Haldwani, Distt. Nainital, Uttarakhand, India, Pin-263139

**सूचना**

मेरी पी.एन.बी. मेट लाइफ पॉलिसी संख्या- 20822894 मे नाम मोहन सिंह दर्ज है, शैक्षिक अभिलेखा अनुसार और मेरे सभी दस्तावेजानुसार मेरा नाम मोहन सिंह पानू है, यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी कि मेरे ही हैं, मुझे इस दोनों नामो से पढ़ा व जाना जाय। - **मोहन सिंह पानू पुत्र केशर सिंह पानू, ग्राम-ललपुरी, पो. गूलरभोज, तहसील-गदरपुर, उधमसिंह नगर**

**सूचना (संबंध विच्छेद)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18-05-2024 को मूल बैनामे/रजिस्ट्रियां बही नंबर 1, जिल्द 1004, पृष्ठ 1 से 4, क्रमांक 318, दिनांक 18-05-2011 व बही नंबर 1, जल्द 2182, पृष्ठ 185 से 198, क्रमांक 6204, दिनांक 26-08-2015 बाजार में कहीं गिर गए हैं। जिसकी खोजबीन करने पर रजिस्ट्रियां नहीं मिली। - **अमरजीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी वार्ड नंबर 3, गदरपुर, ऊधमसिंह नगर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम प्रकाश (पुराना नाम) से बदलकर अब प्रकाश ग्वाल (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे प्रकाश ग्वाल (नया नाम) के नाम से जाना व पहचाना जाये। **वर्तमान पता - प्रकाश ग्वाल पुत्र श्री अनुवा राम, निवासी-वार्ड नं0-02, मोतीपुर, बुक्सौरा, दिनेशपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड।**



## एक नजर

### कुंडा क्षेत्र में खेतों से पानी की मोटर चोरी

**काशीपुर :** कुंडा थाना स्थित शिवराजपुर पट्टी के हल्का गढ़ी हुसैन, भवानीपुर में देर रात कई किसानों के खेतों में लगी पानी की मोटरें चोरी होने का मामला सामने आया है। मोटर चोरी होने से किसानों में काफी रोष है। मंगलवार की देर रात ग्राम गढ़ी हुसैन, भवानीपुर हल्का शिवराजपुर पट्टी निवासी अश्वनी अरोड़ा ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उन्होंने बताया कि खेतों में पक्की कोठरी बनाकर ट्यूबवेल की मोटर लगाई गई है। आरोप लगाया कि देर रात चोरों ने कोठरी का ताला तोड़कर पांच हॉर्स पावर की मोटर, पंखा, कुल्हाड़ी, दराती, फावड़ा समेत कई सामान चोरी कर लिए। इसके साथ ही ग्राम भवानीपुर निवासी किसान दलजीत सिंह व गुरदीप सिंह व भूपेंद्र सिंह के खेतों से भी पानी की मोटरें चोरी हुई हैं। मामले में पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चेक बाउंस में आरोपी को तीन माह की सजा

**काशीपुर :** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और दो लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। महुआखेड़ागंज स्थित एनएक्ससी कंपनी कीटनाशक दवा का कारोबार करती है। वर्ष 2022 में ग्राम गंगेरू जिला शामली निवासी गोविंदा ने उसकी कंपनी से 1.68 लाख रुपये की दवाइयां खरीदी थीं। रकम के भुगतान की एवज में उसने कंपनी को इसी राशि का चेक दिया था। कंपनी के डायरेक्टर बैनेट मैसी ने यह चेक अपने खाते में लगाया तो चेक बाउंस हो गया। जिस पर मैसी ने अपने अधिवक्ता रहमत अली खां के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी गोविंदा को 138 एनआई एक्ट के तहत दोषी पाया। द्वितीय एसीजे चेतन सिंह गौतम की अदालत ने आरोपी गोविंदा को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी डाला है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक माह का कारावास और भोगना होगा।

### खोया मोबाइल बरामद किया

**बाजपुर :** राजपुर हल्दुआ रामनगर निवासी कमल सिंह ने 20 मई को कीमती मोबाइल के बाजपुर क्षेत्र में गुम होने की बात कहते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया था। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर शिकायतकर्ता को कोतवाली बुलाकर उसे सौंप दिया। टीम में एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल आदि शामिल रहे।

### शॉपिंग मॉल गेट पर शुरू किया धरना प्रदर्शन, मॉल प्रबंधन पर वादाखिलाफी व पैसा हड़पने का लगाया आरोप

# सुपरटेक मॉल प्रबंधन के खिलाफ भड़के व्यापारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहर के शॉपिंग मॉल सुपरटेक प्रबंधन पर वादाखिलाफी और हिटलर शाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने शॉपिंग मॉल गेट पर धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि मॉल प्रबंधन ने दुकान आवंटन के नाम पर व्यापारियों का पैसा हड़प लिया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगाह किया कि जब तक व्यापारियों की समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक व्यापारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते रहेंगे।

बुधवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय के साथ तमाम व्यापारी नारेबाजी करते हुए नैनीताल हाईवे स्थित सुपरटेक शॉपिंग मॉल पहुंचे। जहां हाथ में फ्लेक्सी लेकर व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि 14 साल पहले मॉल निर्माण के दौरान प्रबंधन ने कई प्रलोभन देकर शहर के व्यापारियों का लाखों रुपया लिया था और दुकान आवंटन, दुकान का किराया देने और तत्काल रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन 14 साल बाद भी व्यापारियों को न ही दुकानों का आवंटन हुआ और न ही ब्याज सहित रकम वापस की गई।

आरोप था कि उल्टा बिल्डर ने दुकानदारों पर मोटा ब्याज निकाल दिया। पैसा हड़पने के 12 से अधिक प्रकरण लंबित पड़े हुए है। जिसको लेकर 5 जुलाई को प्रबंधन का घेराव किया था। तब आश्वासन दिया था कि 15 जुलाई तक समाधान हो जाएगा। बावजूद कोई रास्ता नहीं निकाला गया। जिसकी वजह से जहां व्यापारियों का लाखों-करोड़ों रुपये फंसा हुआ है। वहीं व्यापार भी प्रभावित हुआ है। व्यापारी नेताओं ने ऐलान किया कि अब व्यापारियों ने सबक सिखाने का मन बना लिया है और मामलों का समाधान नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है। इस मौके पर विनोद कुमार चावला, राजेश चावला, राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, हरविंदर सिंह विर्क, साहब सिंह, मोंटी खेड़ा, विशाल भुड्डी, संजीत बेदी, सोनी चावला, हरजिंदर पाल, हरीश अरोरा, निखिल जुनेजा, विकास बठला, कर्मवीर सिंह चीमा आदि मौजूद रहे।



शॉपिंग मॉल के बाहर धरना देते व्यापारी। ● अमृत विचार

# टैंकर से कुचलकर गई सिडकुल कर्मी की जान

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ **सिडकुल चौराहे के समीप हुआ सड़क हादसा**

**अमृत विचारः** सिडकुल चौकी इलाके में टैंकर की टक्कर से स्कूटी सवार सिडकुल कर्मी की मौत होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कर्मी रोजमर्रा की भांति अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।


जगदीश गावड़ी।

इंदिरा कॉलोनी गली नंबर तीन रुद्रपुर निवासी 50 वर्षीय जगदीश गावड़ी परिवार के साथ रहते थे और सिडकुल की एक कंपनी में काम करते थे। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति सिडकुल कर्मी बुधवार की सुबह 8 बजे अपनी स्कूटी से ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह सिडकुल चौक पर पहुंचे तो अचानक टैंकर संख्या यूके-06 सीबी-3630 ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे सिडकुल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में राहगीरों द्वारा घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कांवड़ यात्रा : यूपी-उत्तराखंड के अधिकारियों ने साझा किया रूट प्लान

### काशीपुर में दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों के मध्य बॉर्डर बैठक का आयोजन, पिछली कांवड़ यात्रा के दौरान आई दिक्कतों के समाधान का प्रयास

बैठक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने को लेकर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य अंतरराज्यीय समन्वय गोष्ठी का आयोजन आईजीएल सभागार में हुआ। इसमें कांवड़ यात्रा को लेकर रूट प्लान व ट्रैफिक डायवर्जन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही पिछली कांवड़ यात्रा में आई दिक्कतों के समाधान का प्रयास किया गया।

बुधवार को आईजीएल सभागार में डीआईजी कुमाऊं रेंज योगेंद्र सिंह रावत और डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज की अध्यक्षता में यूपी व उत्तराखंड पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कावड़ यात्रा के मद्देनजर एक दूसरे के साथ आपसी तालमेल और कावड़ यात्रा से जुड़ी जानकारी साझा की। साथ ही रूट प्लान व ट्रैफिक डायवर्जन की जानकारी भी साझा की गई।

डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत व डीआईजी मुनिराज ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराना दोनों राज्यों की प्राथमिकता में शामिल है। बैठक में दोनों राज्यों के अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के बीच आपसी समन्वय कर सभी व्यवस्थाओं की तैयारी व उन पर अमल करने का निर्णय लिया गया है। रूट व यातायात को लेकर एक-दूसरे राज्यों को सहयोग करने और आपात स्थिति में साथ मिलकर कार्य करने का निर्णय भी लिया गया है। वहीं दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर योजनाओं का आपस में आदान-प्रदान किया। इस दौरान बैठक में दोनों ही राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने एक दूसरे से की जाने वाली अपेक्षाओं का आदान प्रदान भी किया।

ऊधमसिंह नगर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि ऊधम सिंह नगर जिला कांवड़ यात्रा के लिहाज से काफी संवेदनशील रहा है। इसलिए कावड़ यात्रा को पूरी तरह से गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड के कुमाऊं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और बरेली रेंज के अधिकारियों के साथ आज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दोनों ही राज्यों के अधिकारियों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान भी किया गया तथा व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इसके माध्यम से कावड़ यात्रा पर सकुशल संपन्न कराने का फैसला लिया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी रामपुर जोगेंद्र सिंह, एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्रा, एसपी बिजनौर अभिषेक कुमार, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी क्राइम /ट्रैफिक चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल, एसपी काशीपुर अभय कुमार ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में एसडीएम अभय प्रताप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर निहारिका तोमर, सीओ बिलासपुर रवि खोखर, सीओ काशीपुर अनुषा बडोला, सीओ बाजपुर अन्नराम आर्या, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, सीएफओ ईशान कटारिया आदि मौजूद रहे।


यूपी व उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते एसएसपी।


बैठक में डीआईजी मुरादाबाद को स्मृति चिन्ह देते डीआईजी कुमाऊं। ● अमृत विचार

### हाईवे पर 27 जुलाई से दो अगस्त तक प्रतिबंधित रहेंगे खनन व भारी वाहन

**काशीपुर :** कांवड़ यात्रा-2024 के दौरान यातायात व्यवस्था समेत शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर जनपद ऊधमसिंह नगर और यूपी के जनपद रामपुर, मुरादाबाद जिलों के पुलिस अधिकारियों ने गहन मंथन किया और कांवड़ को सकुशल संपन्न कराने के लिए रोडमैप तैयार किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समन्वय बैठक में दो अगस्त तक संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद रखने पर सहमति बनी। वहीं 27 जुलाई से दो अगस्त तक खनन वाहनों पर पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। बुधवार को काशीपुर-दिल्ली मार्ग पर आगामी दो अगस्त तक भारी वाहनों का आवागमन बाधित रहेगा। उनके लिए डायवर्ट रूट प्लान भी जारी किया गया। यात्रा के दौरान एनएच और काशीपुर-दिल्ली मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने और यात्रा मार्ग पर मीट, मछली व शराब की दुकानें बंद रखी जाएगी। इस दौरान यात्रा मार्ग पर एलटी लाइन के पोलों पर झूलते बिजली तारों को सही कराने, झुके पेड़ों को हटाने, कांवड़ यात्रियों की वीडियोग्राफी कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि यात्रा के दौरान अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए और शरारती तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। यात्रा मार्गों पर एंबुलेंस और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी है। वही काशीपुर क्षेत्र का भारी वाहनों को दिल्ली रूट के लिए बाजपुर के दोराहा होते हुए स्वार, रामपुर के लिए भेजा जाएगा। वही कांवड़ मार्ग पर यात्रा तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही 27 जुलाई से दो अगस्त तक खनन वाहनों पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

# आखिर क्यों अरविंद ने मारी थीं विशाल को दो गोलियां

संवाददाता, रुद्रपुर

मामला

▸▸ **20 जुलाई को घर बुलाकर ले गया था पड़ोसी**

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में हुए विशाल गोलीकांड प्रकरण में जहां पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं गोली दागने वाले पड़ोसी का नाम भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि पड़ोसी ही विशाल को अपने घर पर ले गया और पिस्टल से दो गोली मारकर घायल कर दिया था, जबकि डॉक्टरों ने घायल के पेट से एक गोली बरामद की है। वहीं दूसरी गोली बाहर निकलने की पुष्टि की है। पुलिस गोली कांड प्रकरण की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

वार्ड-सात आजाद नगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी प्रताप पाल ने बताया कि 20 जुलाई की शाम पांच बजे उसका बेटा घर के समीप स्थित मंदिर के पास खड़ा था। तभी पड़ोसी युवक अरविंद आया और बेटे को अपने घर लेकर गया। जहां अरविंद की साली व एक बच्ची मौजूद थी। कुछ देर बाद पड़ोसी युवक सुमित ने बताया कि विशाल लहूलुहान हालत में पड़ा है और उसके पेट में दो गोलियां मारी गई हैं। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना था कि उपचार को ले जाते वक्त बेटे ने अरविंद पर ही गोली मारने की बात बताई थी। पड़ोसी युवक द्वारा गोली कांड को अंजाम क्यों दिया गया। इसकी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर गोलीकांड की वजह जानने में जुट गई है। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर विशाल के पेट से एक गोली निकाली है, जबकि दूसरी गोली पेट को चीरते हुए बाहर निकलने की पुष्टि की है। संदेह के आधार पर पड़ोसी अरविंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही गोली कांड का पर्दाफाश किया जाएगा।

### लपकना नदी में मिला सड़ा-गला शव

**जसपुर :** नगर के पास लपकना नदी से सड़ा-गला शव बरामद हुआ। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जसपुर के पास से बहने वाली लपकना नदी में जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित नौमी वाले मंदिर के पास बुधवार को सुबह अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव पड़ा होने का उस समय पता चला, जब उसे कुत्ते खींच रहे थे। सूचना मिलने पर प्रातः लगभग 7:15 बजे प्रभारी निरीक्षक चौधरी हरेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ी-गली अवस्था में है। 5-6 दिन पूर्व उसकी मृत्यु होने का अनुमान है। पुलिस ने बताया कि पिछले 5-6 दिन में कोतवाली में क्षेत्र के किसी व्यक्ति की गुमशुदगी दर्ज नहीं है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शव किसी दूसरे क्षेत्र से लाकर डाला गया है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में तीन महिला समेत आठ घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** तीन मार्ग दुर्घटनाओं में तीन महिला सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना मंगलवार की देर रात करीब 7:30 बजे केशोवाला मोड़ के निकट हुई। ग्राम जोगीपुरा निवासी संदीप पुत्र संता, अपनी पत्नी पिंकी व प्रेमवती पत्नी सौर सिंह के साथ बाइक पर केशोवाला स्थित एक दुकान पर शादी की वीडियोग्राफी की कैसेट लेने के लिए आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच केशोवाला मोड़ के नजदीक विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। इसमें तीनों घायल हो गए, जिन्हें राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बाइक सवार मौका पाकर फरार हो गया। इसमें संदीप को गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दूसरी घटना मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे दोराहा चौकी बार्डर के समीप हुई है जिसमें डंपर और कार की टक्कर हो गई जिसमें शिवपुरी विजयनगर गाजियाबाद उत्तर-प्रदेश निवासी शिवम (22) पुत्र पप्पू सिंह, विशाल (24) पुत्र आनंद त्यागी, मुकुल सिंह (25) पुत्र रवि सिंह, प्रताप विहार गाजियाबाद उत्तर-प्रदेश निवासी शीतल (22) पुत्री धर्मवीर घायल हो गए। कार पर भाजपा का ध्वज लगा हुआ था तथा यह सभी महिला-पुरुष गाजियाबाद से एक कार में सवार होकर नैनीताल नीव करौरी बाबा के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर और कार को कब्जे में ले लिया। तीसरी घटना बुधवार की प्रातः करीब 6 बजे रामराज रोड स्थित फौजी कालोनी क्षेत्र में बिजली घर के सामने हुई है। यहां अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क पर गिर गई जिसमें कोसी कांटा निवासी शमशेर सिंह (20) पुत्र काला सिंह घायल हो गया।


बाजपुर के निजी अस्पताल के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार


हादसे में घायल लोग। ● अमृत विचार

राहत

### पहाड़गंज में कूड़े का पहाड़ बन गयी थी लोगों की समस्या, डीएम के सख्त रवैये के बाद कार्यदायी संस्था के काम में आयी तेजी

# 40 साल बाद ट्रंचिंग ग्राउंड के आसपास रहने वाले लेंगे शुद्ध हवा

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आखिरकार 40 साल बाद वार्ड नंबर 15 पहाड़गंज के लोगों को पहाड़ की तरह बने कूड़े के ढेर से निजात मिलेगी और वे शुद्ध हवा ले सकेंगे। कूड़े का ढेर हटने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़ा हटने के बाद यहां बारात घर या बच्चों के लिए स्कूल खुल जाए तो लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को जल्द कूड़े के ढेर को साफ करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद से कार्यदायी संस्था के काम में तेजी आयी है।

दरअसल, किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग में पिछले कई वर्षों से नगर निगम की ओर से कूड़ा डाला जा रहा था। कूड़े का ढेर इतना अधिक था कि लोगों के घर तक नहीं दिखते थे। ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा हटाने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। वर्ष 2019 में कूड़ा हटाओ जनकल्याण संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन भी हुआ। समिति के संरक्षक शिवानंद महाराज क्रमिक अनशन पर बैठे थे। तब निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने जल्द कूड़ा हटाने का आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराया था। इसके बाद ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा उठाने के लिए ट्रोमल मशीन लगायी गयी। लेकिन कई समय तक कूड़ा जस का तस पड़ा रहा।

यहां तक की कूड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ा रहता था। इससे काफी दुर्गंध आती थी। जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही वहां से गुजर रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस बीच शहर की इस समस्या को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गंभीरता से लिया और कई बार निरीक्षण किया। साथ ही कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द कूड़ा उठाने के निर्देश दिए। इसके बाद ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा उठने में तेजी आयी। बहरहाल अब 40 साल बाद लोगों को कूड़े के अंबार से जल्द निजात मिलने वाली है।


किच्छा रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड। ● अमृत विचार

### क्या बोले स्थानीय लोग



पहाड़गंज वार्ड नंबर 15 में 25 वर्षों से रह रहे हैं। वर्षों से यहां कूड़े का पहाड़ जैसा लगा हुआ था। हर समय दुर्गंध उठती थी। सांस लेना भी मुश्किल हो जाता था। गर्मियों के मौसम यह समस्या और अधिक बढ़ जाती थी। अक्सर लोग बीमार हो जाते है। अब प्रशासन के सख्त रवैये के बाद कूड़ा तेजी से उठाया जा रहा है। जल्द ही कूड़े की दुर्गंध से निजात मिल जाएगी। **-नजाकत अली**, स्थानीय निवासी



18 वर्षों से पहाड़गंज में रह रहे हैं। कूड़े के ढेर और गंदगी से बीमारी का खतरा हमेशा बना रहता था। कूड़े के ढेर और दुर्गंध से घुटन सी होने लगती है। गर्मी के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। अगर खाली जमीन पर एक बारात घर का निर्माण हो जाए तो गरीबों को बच्चों की शादियां कराने में आसानी होगी। **-शकील अहमद**, स्थानीय निवासी



20 वर्ष से पहाड़गंज में रह रहे हैं। तब से कूड़े का ढेर ही देख रहे हैं। उनके पति लीवर, चर्म रोग आदि की बीमारी से ग्रस्त हैं, लेकिन दुर्गंध के कारण उन्हें काफी दिक्कत होती थी। अब जल्द ही कूड़े का ढेर खत्म होने की उम्मीद है। इस जगह पर छोटे बच्चों का एक सरकारी स्कूल स्थापित हो जाए तो बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। **-सविता**, स्थानीय निवासी



काफी समय से पहाड़गंज में रह रहे हैं। कूड़े का ढेर हटने से काफी राहत मिली है। खासकर घर पर ही रहने वाली महिलाओं को। घरों में खाना बनाने में काफी दिक्कत होती थी। गर्मी के मौसम में लोगों को काफी दिक्कत होती थी। सबसे ज्यादा दिक्कत बीमार लोगों को और बुजुर्गों को होती थी। **-कनीज बेगम**, स्थानीय निवासी

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुई अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



डॉ. विकास प्रधान
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48 .21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैं: आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है, जिसमें वृद्ध न हों'।

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों, पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?" और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे, किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी, जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी, वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किशत भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं, घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है, वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुज़ुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते, जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे " किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है, लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी, जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान, जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते, आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं, जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं, जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए, जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार, दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है, लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है, तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है, क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा, उसके जीवन में सुख चैन होगा, लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

# थम नहीं रहा विधायक बेहड़ का गुस्सा

## व्यापार मंडल चुनाव स्थगित करने का विरोध, दूसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

▶▶ एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को हटाने की मांग

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को स्थगित किए जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दो सूत्रीय मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। विधायक बेहड़ ने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा की है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव पर विगत 22 जुलाई को उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने रोक लगा दी थी। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा पर मनमानी का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद व्यापारियों के समर्थन में उतरे कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। व्यापारियों एवं कांग्रेसियों ने एसडीएम मिश्रा पर व्यापारियों के चुनाव में हस्तक्षेप करने तथा मनमानी का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि व्यापार मंडल के चुनाव में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से मात्र सहयोग किया जाता है लेकिन आज तक के इतिहास में कभी भी प्रशासन ने व्यापार मंडल के चुनाव में हस्तक्षेप नहीं किया है लेकिन साजिश के तहत सत्ता पक्ष के एक स्थानीय पूर्व जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर एसडीएम मिश्रा द्वारा षड्यंत्र के तहत चुनाव में अवरोध पैदा करने का काम किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी, महामंत्री पद के प्रत्याशी शिवकुमार मित्तल एवं कोषाध्यक्ष प्रत्याशी नीरज बजाज ने भी प्रशासन के खिलाफ धरना देते हुए एसडीएम मिश्रा पर तमाम गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष बेहड़, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, एनयू खान, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, वरिष्ठ नेता हाजी सरवर यार खान, ओम प्रकाश दुआ, उमेश अग्रवाल, राजेश प्रताप सिंह, मनोज सिंधी, किन्नू शुक्ला, दलजीत खुराना, दानिश मलिक, मिस्वाल कुरेशी, जीवन जोशी, परवीन सेन आदि मौजूद रहे।


किच्छा में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते विधायक बेहड़ के साथ व्यापारी एवं कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### धरना स्थल पर की जा रही भोजन की व्यवस्था

**किच्छा।** धरना स्थल पर बाकायदा टेंट लगाकर रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर, गर्मी से बचने के लिए कूलर आदि लगाए गए हैं। आंदोलन कर रहे दर्जनों व्यापारियों एवं कांग्रेसियों के लिए मौके पर ही चाय-नाश्ता, दोपहर तथा रात्रि भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है। माना जा रहा है कि दो सूत्रीय मांग पर फैसला होने तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। लगातार 36 घंटे से विधायक बेहड़ धरना स्थल पर बीच बीच में विश्राम करते तथा समर्थकों में जोश भरते नजर आए।

## किच्छा चुनाव को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में दोनों पक्षों की वार्ता हुई विफल

**किच्छा :** किच्छा में व्यापार मंडल के शुरू हुए विवाद को निपटाने के लिए प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों के पांच -पांच सदस्यों की मौजूदगी में वार्ता कर सहमति बनाने का प्रयास किया गया। कई बिंदुओं पर सहमति के बाद एक बिंदु पर मामला अटक गया और सहमति न होने से वार्ता विफल हो गई। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने बताया कि एडीएम अशोक जोशी की अध्यक्षता में प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों की पांच -पांच सदस्यीय कमेटी को विवाद सुलझाने के लिए आमंत्रित किया गया था। जिलाध्यक्ष भुड्डी ने बताया कि दूसरे पक्ष द्वारा वार्ता के दौरान व्यापार मंडल की नगर इकाई की घोषित मतदाता सूची में फर्जी वोट बनाए जाने का आरोप लगाते हुए वोट को निरस्त करने की मांग की गई। इस पर उन्होंने नए सिरे से आपत्ति दर्ज करने एवं वोट गलत पाए जाने पर निरस्त करने का भरोसा दिलाया। वार्ता में मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित व्यापारियों को सदस्य बनाने की मांग पर जिला अध्यक्ष ने वास्तविक व्यापारियों को सदस्यता देने पर भी सहमति जता दी। तमाम बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद दूसरे पक्ष द्वारा नए बनाए गए सदस्यों में से नए प्रत्याशी का नामांकन किए जाने की शर्त रखी गई। इस पर उन्होंने कहा कि नए प्रत्याशी का नामांकन करने की शर्त पूरी तरह से औचित्यहीन है जिसके चलते उनके द्वारा इस मांग पर आपत्ति जताई गई। जिला अध्यक्ष भुड्डी ने कहा कि पूरे मामले को लेकर गुरुवार को रुद्रपुर में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक करेंगे और आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# पूर्व विधायक शुक्ला का भी धरना रहा जारी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल के चुनाव को स्थगित किए जाने के आदेश के समर्थन में भाजपाइयों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। तहसील परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय पर व्यापार मंडल की समस्या का समाधान करने के लिए दोनों पक्षों के पांच पांच सदस्यों को वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन दूसरे पक्ष के सात सदस्य वार्ता में पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन के बायोलॉज के अनुसार स्थानीय नगर इकाई द्वारा चुनाव संचालन समिति का गठन किया जाता है लेकिन किच्छा में नियम विरुद्ध समिति का गठन करते हुए सात लोगों को समिति में चुनाव अधिकारी बना दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 18 जुलाई को उपनिबंधक कार्यालय हल्द्वानी द्वारा व्यापार मंडल के प्रदेश नेतृत्व से पांच सवाल पूछे गए थे लेकिन प्रदेश नेतृत्व ने 10 दिनों के भीतर जवाब देने की बात कही थी लेकिन साजिश के तहत जवाब देने से पूर्व ही चुनाव की रूपरेखा तय कर ली गई। उन्होंने जिला इकाई एवं चुनाव समिति पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहाया कि 22 जुलाई को हल्द्वानी के निहित अधिकारी/ एसडीएम द्वारा उपनिबंधक कार्यालय में दर्ज की गई आपत्ति के निस्तारण से पूर्व चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के एसडीएम किच्छा को निर्देश दिए गए थे इसके बाद एसडीएम द्वारा चुनाव को स्थगित करने की कार्रवाई की गई। आरोप लगाया कि व्यापार मंडल की जिला इकाई द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर अवैध तरीके से 13 इकाइयों का गठन किया गया है और व्यापार मंडल में फर्जीवाडा चल रहा है। इस मौके पर व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री विजय अरोड़ा, पूर्व कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, राजकुमार, प्रमोद ठुकराल आदि मौजूद रहे।


किच्छा में जानकारी देते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सशस्त्र सीमा बल ने सिडकुल में किया पौधरोपण



**सितारगंज :** सशस्त्र सीमा बल की 57वीं वाहिनी ने उप-कमांडेंट अनुराग की अध्यक्षता में एमएसएमई केंद्र सिडकुल के साथ संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। इस दौरान गोपाल बुलकर, निरीक्षक प्रकाश जोशी, राजू कुमार सिंह, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**काशीपुर :** दिव्यांग केंद्र बीआरसी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 42 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। बुधवार को अनमोल फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांगजन केंद्र बीआरसी और बाल देख संस्थान चामुंडा विहार कॉलोनी केंद्र के 42 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य विभाग आरबीएस नारायण नगर की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ. कुलदीप ने बताया कि यदि किसी बच्चे में बीमारी होती है तो उसका निशुल्क इलाज किया जाएगा। इस मौके पर मीनाक्षी चौहान, मुख्य ट्रस्टी अनमोल फाउंडेशन एवं सदस्य राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड उत्तराखंड सतीश कुमार चौहान, नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उधम सिंह नगर डॉ. नीलम, मेघा बिष्ट, आकांक्षा चौहान, काव्य चौहान, रेखा, नितिन आदि मौजूद रहे।



विद्यालय को वाटर कूलर भेंट करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विद्यालय को वाटर कूलर किया भेंट

**सितारगंज :** रतनफार्म स्थित नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से ठंडे पानी का वाटर कूलर लगाया। ट्रस्ट के संरक्षक दलजिंदर सिंह ने कहा कि अब बच्चों को भीषण गर्मी में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, हरप्रीत सिंह, सुरेश कम्बोज, सुखवीर सिंह बेदी, गुरविंदर सिंह, सोप्रीत भाटिया, गुरतेज पन्नू, कोषाध्यक्ष विपिन डालमिया, प्रधानाचार्य निताई चंद मण्डल, अलोक कुमार, अमन पांडेय, शरद जायसवाल, तपोस विस्वास आदि उपस्थित रहे।

### नया बजट समाज के हर वर्ग के लिए हितकारी : मित्तल



**सितारगंज :** नए बजट के आने पर देवभूमि व्यपार मंडल के जिला महामंत्री महेश मित्तल ने कहा कि इस बार का बजट सभी के हितों को ध्यान रखते हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार ने युवा, महिला, गरीब व किसान पर विशेष फोकस रखा है, युवाओं के रोजगार हेतु पांच योजनायें एवं मध्य वर्ग की आय पर भी ध्यान रखा है।


शक्तिफार्म में फारवर्ड बैंडरिच का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 36 बच्चों का चयन

**शक्तिफार्म :** राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदयीमान छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में 36 बच्चों का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को न्यायपंचायत स्तर से चयनित बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़, मेडिसन बाल थ्रो, 30 मीटर फ्लाइंग दौड़ आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, पंकज राय, निर्मल सरकार, सुरेश बाबू राणा, जितेन्द्र सिंह राणा, रामजनम चौहान मौजूद रहे।

### विवि में अब बीआईएस मानकों के अनुरूप होंगे शोध

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि विवि और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने मानकीकृत कृषि प्रदर्शन फार्म (एसएडीएफ) की स्थापना के लिए बुधवार को एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की मौजूदगी में विवि के निदेशक शोध डॉ. एएस नैन और बीआईएस के उप महानिदेशक (उत्तरी क्षेत्र) पी. राजीव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एसएडीएफ में पंतनगर विवि विभिन्न कृषि पद्धतियों और नई तकनीकों का परीक्षण/प्रयोग, जिसमें कृषि निवेश, उपकरण, जल प्रबंधन, कीट प्रबंधन व पोषक तत्व प्रबंधन आदि होंगे, वे बीआईएस मानकों के अनुसार होंगे।

# चरणबद्ध तरीके से चलाएंगे आंदोलन

▶▶ प्रधान से बदसलूकी को लेकर थारू राणा जनजाति समुदाय की बैठक

▶▶ गांव-गांव जाकर जनजाति समुदाय को करेंगे जागरुक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** थारू राणा जनजाति समुदाय की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आदिवासी महिला ग्राम प्रधान को न्याय दिलाने के लिए राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। आंदोलन से पूर्व गांव-गांव जाकर जनजाति समुदाय को जागरूक किया जाएगा।

थारू विकास भवन के सभागार में हुई बैठक में गुदमी गड़ीकोठ चंपावत की जनजाति ग्राम प्रधान विपिन राणा के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी न होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में कार्रवाई न होने पर प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तय किया गया कि अब इस आंदोलन को राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

यह भी कहा कि राज्य के 13 जनपदों में एक साथ आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया, रोहित राणा, दिनेश सिंह राणा, चरण सिंह राणा, रमेश सिंह राणा, अनूप सिंह राणा, बुक्सा जनजाति संगठन के गोविंद सिंह, विजय सिंह, सुमन सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**पंतनगर:** नाजरपुर थाना मूंढ़ा पांड़े जिला मुरादाबाद (उ.प्र.) निवासी भगवान शरन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र बबलू सिंह ड्राइवर का कार्य करता था। बीती 21 जुलाई को वह मुरादाबाद से सिडकुल पंतनगर हैवी सामान लेकर निकला था। रात लगभग आठ बजे बबलू सिडकुल से गाड़ी में माल लोडकर सितारगंज जा रहा था। सिडकुल चौकी पर नो एंट्री होने के कारण उसने गाड़ी को सर्विस रोड पर खड़ा कर दिया और मिस्त्री को बुलाने पारले चौक की ओर जाने लगा। इसी दौरान हल्द्वानी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बबलू को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और वाहन चालक फरार हो गया। लोगों ने बबलू को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शुरू हुआ स्विमिंग पूल


स्विमिंग पूल का शुभारंभ करते अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जेपी यादव व अन्य।

संवाददाता, काशीपुर

खबर का असर

**अमृत विचार :** तैराकी की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के लिए खुशी की खबर है। आखिरकार काशीपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्विमिंग पूल का मंगलवार को शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जेपी यादव ने किया।

अमृत विचार अखबार ने स्विमिंग पूल को लेकर प्राथमिकता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद खिलाड़ियों के लिए स्विमिंग पूल का शुभारंभ किया गया। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के चलते स्पोर्ट्स स्टेडियम के अधिकारियों को स्विमिंग पूल को खोलने की अनुमति नहीं मिल सकी थी। लेकिन आचार संहिता समाप्त हुए काफी लंबा समय बीत जाने के बाद भी स्विमिंग पूल शुरू नहीं हो सका था।

## लोहे का गेट चोरी कर ले जाते दो युवकों को पकड़ा

**खटीमा।** भूड़ महोलिया में मैजिक वाहन से लोहे का गेट करते हुए लोगों ने दो आरोपितों को रंगे हाथों पकड़ लिया। जिन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय पेश किया है। नगरपालिका वार्ड संख्या 19 भूड़ महोलिया निवासी मनोज सिंह देउपा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसके घर के पास खाली प्लाट है। जिसमें दो पल्लों वाला लोहे का गेट लगा हुआ था। मंगलवार को दिन में दो लोग मैजिक वाहन से उसके प्लाट में पहुंचे और उसके लोहे के गेट को उठाकर गाड़ी में रख ले जा रहे थे। यह देख वह दंग रह गए। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों की मदद से दोनों आरोपितों को लोहे का गेट चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस मामले में वार्ड छह गोटिया निवासी गुलफाम और मो शाहरुख के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया।

# स्टांप पेपर दिखाने पर ही किसानों को मुआवजा देने की मांग उठाई


▶▶ पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में कारगिल दिवस पर आयोजन करने का लिया निर्णय

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में कारगिल के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए 26 को कारगिल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने एसडीएम से बाढ़ प्रभावित किसानों को स्टांप पेपर प्रस्तुत करने पर मुआवजा देने की मांग की।

पुराने तहसील परिसर में पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 26 जुलाई को कारगिल दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाने और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए समस्त पूर्व सैनिकों से ब्लॉक सभागार में प्रातः 10 बजे पहुंचने की अपील की गई। बैठक में किसानों की फसलों को बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा काबिज कास्तकारों को देने की मांग रखी गई।

वक्ताओं ने कहा कि किसानों को स्टांप पेपर प्रस्तुत करने पर उन्हें मुआवजा देने की मांग की गई। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर पुष्कर सिंह बिष्ट, मनोहर सिंह, जगदीश बोहरा, ठाकुर सिंह खाती, धन सिंह सामंत, राजेंद्र सिंह अधिकारी, लक्ष्मण सिंह महर, पुष्कर सिंह सामंत, शंकर सामंत, कैलाश चंद, राजेंद्र सिंह भंडारी, टीकाराम पांडे, अमर सिंह, जीत सिंह गोबरी, हरेंद्र भट्ट, फकीर सिंह, नरेंद्र सिंह सेठी आदि थे।


खटीमा में पूर्व सैनिक संगठन की बैठक के बाद ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# पंत विवि को विद्युत वितरण तकनीक पर मिला पेटेंट

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय स्थित प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. रवि सक्सेना ने वितरण ट्रांसफार्मर निगरानी प्रणाली (डीटीएमएस) तकनीक विकसित की है। इस तकनीक को विवि के बौद्धिक संपदा प्रबंधन केंद्र की सलाह पर भारत सरकार की ओर से पेटेंट (पेटेंट संख्या 544948 15 जुलाई 2024) प्रदान किया गया है।

डॉ. सक्सेना ने बताया कि वितरण ट्रांसफार्मर (डीटी) विद्युत ऊर्जा वितरण प्रणाली का एक अभिन्न अंग है। इसका कार्य वितरण लाइनों में प्रयुक्त वोल्टेज को उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले स्तर को कम करना है। देश में पारंपरिक ट्रांसफार्मरों की विफलता दर बहुत अधिक है, जो राज्य विद्युत बोर्डों में लगभग 16 प्रतिशत है और अंतरराष्ट्रीय मानकों (एक से दो प्रतिशत) की तुलना में बहुत अधिक है। इसके अलावा इन पारंपरिक ट्रांसफार्मरों का कार्यकाल भी बहुत कम (6-8 वर्ष) है।

सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत बड़ी संख्या में वितरण ट्रांसफार्मर असंतुलित लोडिंग स्थितियों के कारण खराब दक्षता से ग्रस्त हैं। जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में रूकावट आती है और ट्रांसफार्मर की विफलता का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उपयोगिता कम्पनियों की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पडता है। डॉ. सक्सेना ने बताया कि इस तकनीक से ओवरलोड के कारण खराब होने से पहले ट्रांसफार्मरों की पहचान कर उनको सुधारा जा सकता है।

## सूद कॉलोनी में तेंदुआ दिखने से दहशत

**बाजपुर।** नगरीय क्षेत्र मुड़िया पिस्तौर, रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल के सामने वार्ड नंबर-11 न्यू सूद कॉलोनी, इटव्वा, फौजी कॉलोनी, गोबरा, बिराहा फार्म, ग्राम नरखेड़ा सहित अनेक कालोनियों व ग्रामों में तेंदुए की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। दहशतजदा लोगों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है। तेंदुआ घर के आंगन में घुसकर पालतू कुत्तों व अन्य मवेशियों आदि को भी अपना शिकार बना ले रहे हैं। क्षेत्रभर में अब तक सैकड़ों कुत्ते इनका शिकार बन चुके हैं। मंगलवार की देर रात न्यू सूद कॉलोनी में तेंदुआ फिर दिखाई दिया जिससे मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया और लोग संगठित होकर बाहर घरों से बाहर निकल आए, जोकि तेंदुआ की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। वहीं जिस जगह तेंदुआ लगातार दिखाई दे रहे हैं वहां पर वन विभाग द्वारा ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

कार्रवाई | नगरपालिका बोर्ड की अंतिम बैठक में लिए कई अहम फैसले

# नालों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव पारित

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नगरपालिका बोर्ड का कार्यकाल समाप्ति से पहले निर्वाचित पालिका बोर्ड की अंतिम बैठक का आयोजन पालिका सभागार में किया गया। इसमें मुख्यमार्ग व रामराज रोड पर पालिका क्षेत्रांतर्गत दोनों साइडों में नालों का चौड़ीकरण कर नवनिर्माण का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित करते हुए शासन को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा नगरपालिका शॉपिंग कांप्लेक्स में चैनल गेट लगवाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। अंतिम बैठक के पश्चात पालिका बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यगणों का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया गया। बुधवार को नगरपालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते की अगुवाई में पालिका बोर्ड की इस कार्यकाल की अंतिम बोर्ड बैठक हुई जिसमें सबसे पहले गत बैठक की कार्यवाही के साथ ही आय-व्यय की पुष्टि की गई। इस मौके पर सदस्य कमलेश यादव, सादक हुसैन, महेश कुमार, राजवाला भारती, परवीन जहां, मो.आसिफ, प्रेमवती, मोहन सिंह चौहान, मुकुंद शुक्ला, जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, नामित सभासद विमल शर्मा, ईओ मनोज कुमार दास, कैलाश चंद्र जोशी, राजू पांडेय, सीताराम तिवारी, रामगोपाल यादव मौजूद रहे।


बाजपुर में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते का स्वागत करते सदस्य एवं कर्मचारी।

## डीएवी स्कूल में 11वीं के छात्रों का किया स्वागत

**काशीपुर :** काशीपुर की अलीगंज रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने 11वीं कक्षा में पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत किया। मंगलवार को कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ चयन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद कार्यक्रम में 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा एक-एक कर मुख्य अतिथि को अपना परिचय दिया। इस अवसर पर 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

# स्कूली बच्चों ने खेल खेल में सीखा हुनर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को परखने, खेल-खेल में सिखाने, जल संचय सहित अनेक विषयों को लेकर शिक्षा सप्ताह की शुरुआत सावन माह के प्रथम सोमवार से की गई है। इसमें कक्षा एक से लेकर इंटर तक के बच्चों के कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। इसी क्रम में टीएलएम सप्ताह के चलते पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज सहित अनेक स्कूलों में कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

डा.मुकुल कुमार सती अपर राज्य परियोजना निदेशक ने बताया कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर 22 से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम हेतु प्रत्येक दिन के लिए विषय भी निर्धारित है।


मिट्टी से सामान बनातीं बालिकाएं।

## सार-संक्षेप


काशीपुर में पौधे लगाते क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### काशीपुर में लायंस क्लब ने लगाए 325 पौधे

**काशीपुर :** काशीपुर लायंस क्लब ने एक पेड़ मां के नाम के तहत सुभाष नगर रोड पर पौधरोपण किया। जहां 325 पौधे लगाकर लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक किया। मंगलवार को लायंस क्लब ने सुभाष नगर के निवर्तमान पार्षद मनोज जग्गा के साथ मिलकर लगभग 325 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। जिसके तहत एमजेएफ लायन अभिषेक गोयल, एरिया लीडर तराई दो के नेतृत्व में लायंस क्लब ने पौधारोपण किया। इस दौरान काशीपुर ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन सौरभ शर्मा, अनुराग सोलंकी, डॉ. दीपक कुमार, विवेक पैगिया, मयंक वर्मा, खुश अग्रवाल, लायन मनोज अग्रवाल, हिमांशु गर्ग, संजय अग्रवाल, सचिन गोयल, अपूर्व मेहरोत्रा, धीरज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मुदित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### शौर्य दिवस पर क्रास कंट्री रेस का आयोजन आज

**रुद्रपुर :** शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन होगा। दौड़ में ओपन आयु के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर सकती हैं। इसका आयोजन सुबह 7 बजे से होगा। बुधवार को यह जानकारी जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश निशुल्क होगा। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व प्रतिभागियों को चेस्ट नंबर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेस में छठे स्थान तक आने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।

### रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**जसपुर :** रामलीला कमेटी मोहल्ला चौहानान, जसपुर के पूर्व अध्यक्ष दलीप सिंह नंबरदार का निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, बलवीर सिंह सहोता, कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह चौहान, सिद्धार्थ मोहन सिंघल आदि शामिल हैं।


दलीप सिंह नंबरदार।

### सिसौना रोड पर स्कूटी सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर

**सितारगंज :** कस्बे के सिसौना रोड पर बुधवार को दोपहर करीब 1 बजे स्कूटी सवारी युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अर्जुन कुमार दोपहर किसी कार्य से सिसौना रोड से स्कूटी ले कर गुजर रहा था तभी ट्रक ने अचानक से टक्कर मार दी जिससे अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल अवस्था में सीएससी सेंटर लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# परिवार के 10 लोगों को बेहोश कर जेवर और नगदी समेट ले गए चोर

## सुबह पड़ोसियों ने बेहोशी की हालत में सभी को इलाज के लिए पहुंचाया सरकारी अस्पताल

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** भगवानपुर क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा परिवार के 10 सदस्यों को बेहोश कर नगदी एवं जेवर चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सुबह घर में हलचल न होने के बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो परिवार के सभी सदस्य बेहोशी की हालत में थे। स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल किच्छा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभी का इलाज शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कलकत्ता फॉर्म चौकी क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर निवासी लाभ सिंह के मकान में देर रात्रि अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर परिवार के 10 लोगों को बेहोश कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना की रात ग्रामीण लाभ सिंह के परिवार के सदस्यों के अलावा उनके घर में कुछ मेहमान भी आए हुए थे। देर रात्रि घटना को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। सुबह जब घर में कोई हलचल नहीं हुई तो मौके पर पहुंचे पड़ोसियों को घर के अंदर सभी लोग मूर्छित अवस्था में मिले। कुछ ही देर में 10 लोगों के बेहोश होने की सूचना गांव में फेल गई और तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा सभी को बेहोशी की हालत में सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से जानकारी हासिल की। परिवार के मुखिया लाभ सिंह ने बताया कि चोरों द्वारा परिवार के सभी सदस्यों को बेहोश किए जाने के बाद घर में रखे आधा तोला सोने के जेवर, एक चांदी की पायल तथा 9 हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। बेहोशी की हालत में परिजनों से कुछ जानकारी लेने के बाद पुलिस टीम पीड़ित लाभ सिंह के घर पहुंची और मौके का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा इलाज के बाद परिजनों से जानकारी जुटाई जाएगी।


किच्छा में घटना के बाद घर में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# अचानक लेंटर गिरने से भवन स्वामी और मजदूर घायल


जसपुर में नीचे गिरे लेंटर का बिखरा पड़ा मलबा। ● अमृत विचार


संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** लेंटर गिरने से भवन स्वामी व मजदूर घायल हो गए। भवन स्वामी की हालत गंभीर है।

जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी टेंट का काम करने वाले ओम प्रकाश सिंह के घर की दूसरी मंजिल का लेंटर काफी पुराना हो गया है। इसके कारण छत टपक रही थी। उसके स्थान पर नया लेंटर डालने के लिए वे पुराने लेंटर को स्वयं खड़े होकर तुड़वा रहे थे, तभी पूरी छत भरभरा कर नीचे आ गिरी। इस दौरान भवन स्वामी ओम प्रकाश सिंह व लेंटर तोड़ रहा मजदूर गांव पुराना अहमदनगर निवासी नन्हें दोनों नीचे आ गिरे। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर मोहल्ले वासियों की भारी भीड़ जमा हो गई। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए पास के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। भवन स्वामी ओमप्रकाश की हालत गंभीर बताई गई है।

## सितारगंज में बिजली के टेढ़े पोल व जर्जर तार बने मुसीबत

**सितारगंज :** महाराणा प्रताप चौराहे पर सड़क के किनारे टेढ़े व झुके बिजली के पोल और नीचे लटकते बिजली के तार कभी भी अनहोनी का सबब बन सकते हैं। स्थानीय दुकानदारों ने कई बार विभाग के जिम्मेदारों को इन्हें ठीक करने की मांग की, लेकिन इन्हें दुरुस्त करना तो दूर किसी ने यहां पहुंच कर सुध लेने की कोशिश नहीं की। मीना बाजार, हाथी खाना, इस्लामनगर समेत कई इलाकों में बिजली के लटकते जर्जर तार आमजनों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इधर बिजली विभाग के जेई महेंद्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों ही अमरिया चौराहे पर पोल शिफ्टिंग व अन्य मरम्मत कार्य किए गए हैं, वहीं कस्बे की जिन स्थानों पर दिक्कत बनी हुई है, उसे जल्दी दूर किया जाएगा।



महाराणा प्रताप चौराहे पर लटकते तार व टेढ़ा हुआ बिजली का पोल। ● अमृत विचार

# सौरभ अग्रवाल को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुना

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने सर्वसम्मति से सौरभ अग्रवाल को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुन लिया।

उमा दत्त रंगमंच रामलीला कमेटी मोहल्ला जटवारा, जसपुर के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर खासा विवाद पैदा हो गया था। जो सोमवार को एसडीएम कार्यालय तक पहुंच गया था। एसडीएम के समक्ष काफी जद्दोजहद होने के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकल पाया।

उपजिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को आपसी सहमति बनाने के लिए 25 जुलाई अपराह्न 3:00 बजे तक का समय दिया था। इस पर रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रवि एडवोकेट के विरोधी पक्ष ने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के चुनाव हेतु मंगलवार को पुनः नगर के ठाकुर मंदिर पर मोहल्ले वासियों की एक बैठक का आयोजन किया। इसमें सौरभ अग्रवाल को सर्वसम्मति से जटवारा रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुन लिया गया। लोगों ने रामलीला कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने ठाकुर मंदिर के महंत भगवत दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। निकेश अग्रवाल, अजय मोहन अग्रवाल मौजूद रहे।


ठाकुर मंदिर के महंत भगवत दास से आशीर्वाद प्राप्त करते नवनियुक्त अध्यक्ष सौरभ।

### दूसरे पक्ष ने भी किया अलग कार्यकारिणी गठन का दावा

**जसपुर :** रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रवि कुमार एडवोकेट ने भी जटवारा रामलीला कमेटी की अपनी अलग कार्यकारिणी का गठन करने का दावा किया है। लेकिन उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी अपनी कार्यकारिणी को सार्वजनिक नहीं किया है। उन्होंने बताया कि रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पैदा हुए विवाद का निस्तारण न होने पर उप जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को आपसी सहमति बना कर विवाद का हल करने के लिए 25 जुलाई तक का समय दिया है। वे इस समय सीमा के बाद ही घोषणा करेंगे।

# बिना बिल भरे लाखों का पानी पी गए विभाग

▸▸ **वन विभाग, बिजली विभाग व पशु चिकित्सा विभाग पर 8 लाख 74 हजार से अधिक का बकाया**

गौरव तिवारी, सितारगंज

**अमृत विचार:** सितारगंज के सरकारी महकमों पर लाखों रुपये पानी के बिलों की देनदारी है, लेकिन इसके बाद भी जल संस्थान के अधिकारी बिलों की वसूली के लिए विभागों को नोटिस देने तक ही सीमित हैं।

जहां आम उपभोक्ता समय से बिलों का भुगतान व बकाया नहीं जमा करने पर विभाग की ओर से कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर दी जाती है, लेकिन अपने सरकारी विभागों पर लाखों रुपये का पानी का बिल बकाया होने के बाद भी जल संस्थान आंख बंद किए हुए है। 8 लाख 74 हजार 887 रुपए से अधिक का सरकारी बिल होने के बाद भी जल संस्थान नोटिस की कार्रवाई तक सीमित है। जल संस्थान अपनी लाइनों से कस्बे में पेयजल आपूर्ति करता है। इन्हीं पेयजल लाइनों से कस्बे के ही कई सरकारी विभागों को भी पानी दिया जाता हैं। लेकिन वर्षों से सरकारी विभागों पर पड़े पानी के बिलों का भुगतान नहीं होने पर जल संस्थान के राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है।

**विभागों पर बकाएदारी**

| | |
|---|---|
| वन विभाग | 4,04,658 |
| बिजली विभाग | 3,88,989 |
| पशु विभाग | 81,217 |

### दशकों बाद भी वन विभाग ने नहीं किया भुगतान

सितारगंज स्थित वन विभाग के बाराकोली तराई केंद्र 10 वर्षों बाद भी पानी के बिलों का भुगतान नहीं कर पाया है। जल संस्थान की ओर से वन विभाग को दर्जनों बार नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

> सरकारी विभागों पर पानी के बिलों की बकाएदारी के लिए विभागों को नोटिस दिया गया है। बिलों के भुगतान के लिए उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा।
>
> – **उज्जवल कुमार** चौधरी, अपर सहायक अभियंता जल संस्थान सितारगंज

## बाइक से टकराकर बालक घायल, परिजनों ने की मारपीट

**बाजपुरः** ग्राम रतनपुरा में बाइक की चपेट में आकर पांच वर्षीय बालक के घायल होने के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। ग्राम रतनपुरा निवासी जगदीश मान सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की देर शाम करीब 6:30 बजे उनका पौत्र आदित्य अपनी बहन संजना के साथ बाइक पर खेत से धान का कट्टा लेकर घर जा रहा था। इसी बीच गांव में अचानक एक घर के अंदर से छोटा बच्चा तेजी से सड़क की ओर भागने लगा जिसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन बालक के बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया, जिसे आदित्य व संजना द्वारा नजदीकी चिकित्सक के पास ले जाया गया। आरोप है कि तभी बच्चे के परिजन भी वहां पहुंच गए और आदित्य व संजना के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार मित्रपाल ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं छत पर चढ़कर पथराव भी किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के लेखराज ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उनके रिश्तेदार धर्म सिंह का पांच वर्षीय पुत्र अमित घर से निकलकर दूसरी ओर जा रहा था। बाइक सवार आदित्य व उसकी बहन संजना ने टक्कर मार दी और मारपीट की।

# सड़क के लिए देहरादून में देंगे धरना : महाजन


दिनेशपुर में प्रेस वार्ता करते पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन व प्रदेश महामंत्री ममता हालदार।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश की भाजपा सरकार को जगाने के लिए शीघ्र ही देहरादून में विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता 15 किलोमीटर मटकोटा से दिनेशपुर होते हुए गदरपुर क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। यह बात पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कही।

बुधवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि मटकोटा- गदरपुर 15 किलोमीटर मार्ग काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ने से दर्जनों परिवारों में मातम छा चुका है। उन्होंने दुर्घटनाओं के लिए शासन-प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने 75.68 करोड़ की लागत से मार्ग का निर्माण करवाया था। 2017 से प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद मटकोटा- गदरपुर मार्ग पर मात्र पैच वर्क हुआ है। महाजन ने कहा कि गदरपुर विधानसभा में दो दर्जन मार्ग क्षतिग्रस्त हैं। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने कहा कि मार्ग दुर्घटना में हुई मौत के लिए शासन- प्रशासन जिम्मेदार है। मृतकों के आश्रितों को सरकार को मुआवजा देना चाहिए। इस मौके पर केके गावा व वीरेंद्र चंद्र मंडल, नारायण हालदार, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, चंद्रमणि देवराड़ी, मनोज आर्या आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-141

**बाएं से दाएं**

1. 1. प्रतिमान युक्त 2. प्रतिमान के रूप में होने वाला 3. सामान्य से हट कर विशेष प्रकार की आकृति वाला।
6. नारी की स्वतंत्रता
7. दही मथने की लकड़ी की मथानी।
8. एक पक्षी, सिरोही या किलंहटी नामक चिड़िया।
9. 1. पार करने या जाने की क्रिया या भाव 2. व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन 3. तृप्ति; संतोष 4. उत्तीर्ण होना, परीक्षा या जांच में खरा उतरना 5. बादल 6. अध्ययन, पढ़ना 7. आगे बढ़ना 8. पूरा करना।
11. 1. पत्र, चिट्ठी 2. रेखा

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुल, वंश, नस्ल, कौम 2. व्यक्तित्व 4. अस्तित्व 5. शरीर।
3. 1. किसी क्षेत्र को नगरीय सुविधाओं से युक्त करने की क्रिया।
4. 1. सन्मार्ग पर चलने अथवा उस दिशा में प्रेरित करने वाला, आध्यात्मिक गुरु 2. गुरु की कृपा से बना ज्ञानी अथवा निपुण।
5. वीरों को जन्म देने वाली माता, वीर-माता, वीर-जननी।
8. 1. अगरचे, यद्यपि 2. हालांकि।
10. खंडित, विभक्त, कटा हुआ।




**वर्ग पहेली -140 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ए | क | ता | ■ | ■ | 2 ज़ |
| कां | ■ | ■ | 3 अ | मी | न |
| श | ■ | ■ | सं | ■ | ख़ा |
| ■ | 4 ए | कां | ग | ■ | ■ |
| ■ | ट | ■ | ति | ■ | 5 बि |
| ■ | ल | ■ | ■ | 6 मे | वा |
| 7 फु | स | ला | ऊ | ■ | ई |

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | 4 | | | | 5 |
| 4 | | | 7 | 2 | 9 | | 1 | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 5 | 2 | | 4 | 6 | | |
| | | 2 | | 7 | | | 9 | |
| | | | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | | 4 | 3 | 7 | | | 6 |
| 6 | | | | 5 | 2 | 7 | | |

**सुडोकू -53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- पंचमी 26 जुलाई 01.58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपको व्यर्थ बहसबाजी से बचना चाहिए। इसके कारण आपसे प्रियजन नाराज हो सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में सावधानी रखें। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष** – आज प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क बनने वाले हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ भी अवश्य उठाएंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के काम में वृद्धि होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पैरों में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है। महिलाओं को कुछ थकान महसूस होगी। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह** – आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। आपको तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या** – आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपने परिजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

**तुला** – आज वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों के भविष्य को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ बाधाओं के साथ सफलता मिलेगी। छोटी बातों पर अनावश्यक उलझने से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।


**धनु** – आज आकस्मिक धन हानि हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से आपको बचना चाहिए। आप कुछ परेशान से रहेंगे। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** – आज व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। लेनदेन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी पदोन्नति को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी वक्तव्य शैली से लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। अधिकारियों के सामने अपनी योग्यता का परिचय देंगे। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज किसी पर ज्यादा निर्भरता होना उचित नहीं है। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। व्यवसाय में व्यय होने के योग बन रहे हैं। रुके हुए मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 16.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
धड़कन – सुबह : 10.48
जख्मी सिपाही – रात : 07.00

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी – सुबह : 11.20
गो गोआ गॉन – रात : 08.00

**SONY PIX**
जस्टिस लीग – सुबह : 11.18
गॉडजिला – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
सिंबा – दोपहर : 12.18
अखंडा – रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
बू – सुबह : 11.12
खतरनाक खिलाड़ी – शाम : 05.39

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति – सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास और संगीता व्यास।

### टनकपुर पावर स्टेशन में वन महोत्सव हरेला पर्व मनाया

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन में अमृतकाल के दौरान वनमहोत्सव दिवस हरेला पर्व वृक्षारोपण करके मनाया गया। पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास एवं संगीता व्यास ने टनकपुर पावर स्टेशन परिसर में पौधरोपण कर इस उत्सव की शुरुआत की। इस अवसर पर पावर स्टेशन द्वारा आसपास के गांव के ग्रामीणों को फलदार पौध भी वितरित किए गए। पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास ने बताया कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत ज्यादा महत्व है, लेकिन कई जगहों पर वृक्षों की कटाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसी को रोकने के लिए जागरूकता लाने के लिए हर वर्ष वनमहोत्सव मनाया जाता है। वनमहोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य जंगलों के संरक्षण और पेड़-पौधों का बचाव करना है। वनों की कटाई लगातार होने से पृथ्वी पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं और उसी से बचाने के लिए वन महोत्सव की शुरुआत करके देश भर में और पूरी पृथ्वी पर जागरूकता फैलाने की एक अनूठी पहल की गई है।

### माही का नवोदय विद्यालय के लिए चयन



**अल्मोड़ा।** संस्कार वैली पब्लिक स्कूल खगमराकोट निवासी छात्रा माही बिष्ट का नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत में कक्षा छह के लिए चयन हुआ है। माही के पिता रणजीत सिंह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उनके चयन पर विद्यालय प्रबंधक हरीश बिष्ट, प्रधानाचार्य विनीता बिष्ट, ग्राम प्रधान खगमराकोट धीरज वर्मा, अध्यापिका किरण आर्या, चंचला आर्या आदि ने खुशी जताई है।



हुड्डी नदी किनारे बनकर तैयार हुई बाढ़ सुरक्षा दीवार। ● अमृत विचार

### बाढ़ सुरक्षा कार्य पूरा होने पर सीएम का जताया आभार

**बनबसा :** मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग द्वारा ग्राम सभा बमनपुरी में 1करोड़ 88 लाख की लागत से बाढ़ सुरक्षा के तहत 400 मीटर सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ। ग्राम प्रधान भावना नेगी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। हुड्डी नदी किनारे समय से बनकर तैयार हुई सुरक्षा दीवार के चलते विगत 8 जुलाई को आई आपदा एवं बाढ़ से बमनपुरी के साथ पचपकरिया गांव भी सुरक्षित रहा। कई वर्षों तक बाढ़ सुरक्षा के कार्य न होने से नदी का रुख गांव के नजदीक हो गया था। जिस कारण गांव का अस्तित्व खतरे में था। ग्राम प्रधान भावना नेगी ने मुखयमंत्री के समक्ष इस समस्या को रखा और गांव में बाढ़ सुरक्षा के कार्य करने की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री ने गांव में बाढ़ सुरक्षा कार्य की घोषणा की थी।

### ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में डॉक्टरों की कमी पर रोष

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पूर्व सैनिक लीग की बुधवार को मासिक बैठक हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में चिकित्सकों की कमी पर रोष जताया। जल्द चिकित्सकों को तैनात करने और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठाई। लीग कार्यालय में हुई बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। एक साल से भी अधिक समय से यहां केवल एक ही डॉक्टर तैनात है। उन्हें भी बागेश्वर जाना पड़ता है। ईसीएचएस में लोकल पर्ची की दवाइयां भी हल्द्वानी से मंगानी पड़ रही है। इससे समय पर मरीजों तक दवाइयां नहीं पहुंच पाती। सदस्यों ने ईसीएचएस में डॉक्टर के रिक्त पदों को भरने व अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की। बैठक में अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, संरक्षक दीपक कुमार, मोहन जोशी, पीसी तिवारी, एचसी जोशी, आशीष वर्मा, राजेंद्र शाही, आनंद बिष्ट, पीएस मेहता, सुधीर जोशी आदि रहे।

### 19 कुमाऊं ने जीती टी 20 चैंपियनयशिप

**रानीखेत :** कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर स्टेशन मुख्यालय रानीखेत के तत्वावधान में आर्मी सप्लाई डिपो द्वारा संचालित रानीखेत टी-20 लीग चैम्पियनशिप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में 19 कुमाऊं ने कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर प्रशिक्षण प्रकोष्ठ को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता की शुरुआत 25 जून को हुई थी। जिसमें सेना की विभिन्न बटालियनों की दस टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर प्रशिक्षण प्रकोष्ठ और 19 कुमाऊं के बीच हुआ। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 कुमाऊं के समक्ष 158 रनों का लक्ष्य रखा। 19 कुमाऊं ने शानदार प्रदर्शन कर मैच जीत लिया। 19 कुमाऊं के सिपाही विनोद सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया और उन्हें पंद्रह सौ रुपये का नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया। ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव विशिष्ट सेवा मेडल ने विजेता और उप विजेता टीमों को ट्रॉफी और नगद धनराशि देकर उनका हौसला बढ़ाया। विजेता टीम को 20 हजार व उप विजेता टीम को 10 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। योगेश भंडारी को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। उन्हें 3 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। सेमीफाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सिपाही हिमांशु 19 कुमाऊं और सिपाही विक्रम प्रशिक्षण प्रकोष्ठ को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। दोनों खिलाड़ियों को 1500 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया।

### टनकपुर-पिथौरागढ़ चौराहे का नाम सुभाष चौक रखा जाए

**टनकपुर :** टनकपुर पिथौरागढ़ चुंगी के पास चौराहे का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर सुभाष चौक रखने और उनकी आदम कद मूर्ति स्थापित करने की मांग उठती आ रही है। इस मामले में टनकपुर के इंसाफ द पावर संगठन ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष तिलक राम, पुष्कर राम, गिरीश कुमार, विकास बहादुर, बलविंदर सिंह, बलवंत सिंह कुलियाल, बाबूराम आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल को ज्ञापन देते संगठन के लोग।

### ठेकेदारों के पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग

**अल्मोड़ा :** पर्वतीय ठेकेदार संघ की बुधवार को बैठक में राजकीय ठेकेदारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, ठेकेदारों ने एक स्वर में ठेकेदारों के पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग उठाई। नगर के लोअर मालरोड स्थित प्रेरणा सदन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ठेकेदारों पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल करने, पांच लाख के बजाय उत्तराखंड के ठेकेदारों को पांच करोड़ के टेंडर देने के लिए अध्यादेश जारी करने, निर्माण कार्यों के लिए टेंडरों को छोटे-छोटे भागों में निकालने, अनुभर प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही परेशानी का निस्तारण करने, जीपीडब्लू के नियमों को हिंदी में परिवर्तित करने, अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड को नियुक्त करने, पहाड़ी क्षेत्र में रायलल्टी की दरों को कम करने की मांग उठाई। इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया। यहां अध्यक्ष प्रयाग सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह बेलवाल, गोपाल सिंह चौहान, अकरम खान, जगदीश चंद्र, पूरन पालीवाल, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, संदीप श्रीवास्तव, महेश, संजय, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, गौरव वर्मा, चंदन सिराड़ी, मंगल सिंह, राम दत्त आदि रहे।

# ग्राम प्रधान से अभद्रता के मामले ने पकड़ा तूल

## संगठन ने की गुदमी की ग्राम प्रधान से मुलाकात, शासन-प्रशासन पर लगाया मामले की अनदेखी का आरोप

- महिला प्रधान से अभद्रता करने वालों की गिरफ्तारी न होने से रोष

संवाददाता, टनकपुर



गुदमी में पीड़ित ग्राम प्रधान विनीता राणा से जानकारी लेती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत अंतर्गत बनबसा से लगे ग्राम गुदमी की ग्राम प्रधान विनीता राणा को कुछ लोगों द्वारा जूते की माला पहनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर बुधवार को उत्तराखंड अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के जांच दल ने ग्राम पंचायत गुदमी की पीड़ित ग्राम प्रधान विनीता राणा से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की।

पीड़ित ग्राम प्रधान ने बीते 10 जुलाई को हुई घटना की आपबीती सुनाई। ग्राम प्रधान द्वारा बताई जानकारी को जांच दल ने दर्ज किया। इस दौरान पीड़िता ने आज तक पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि घटना के दिन जो कुछ घटित हुआ था। उसकी निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है। पुलिस ने मुकदमे में घटना की वास्तविक धारा नहीं लगाई है। जांच दल में उत्तराखंड अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के प्रदेश संयोजक और पिथौरागढ़ जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया, ग्राम प्रधान संगठन खटीमा के अध्यक्ष संजीव सिंह राणा, बनकटिया के ग्राम प्रधान नितिन राणा, जादौपुर के ग्राम प्रधान राजीव राणा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश राणा, चरण सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

### जांच अधिकारी सीओ राणा ने आरोपों को किया खारिज

**टनकपुर।** गुदमी की ग्राम प्रधान के मामले में जांच कर रहे जांच अधिकारी सीओ शिवराज सिंह राणा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि पुलिस द्वारा ईमानदारी से मामले में कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पांच महिलाओं और पांच पुरुषों को नोटिस तामील किया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत अब कोर्ट के माध्यम से ही इस मामले का फैसला सुनिश्चित होगा।

### टीम के सदस्यों ने पीड़िता को न्याय न दिलाने का लगाया आरोप

**टनकपुर।** टनकपुर तहसील परिसर में पत्रकार वार्ता के दौरान जांच दल के एक सदस्य पंचायत संगठन के संयोजक तथा पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया कि इस घटना में अभी तक बलवा, 500 आईपीसी तथा आपदा कानून के अंतर्गत मुकदमे में धाराएं नहीं जोड़ी गई हैं। अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह आरोपियों को बचाने का कार्य कर रहे हैं। उनका संरक्षण आरोपियों के पक्ष में होने के कारण इस आदिवासी महिला को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक पुलिस प्रशासन ने घटना का वीडियो बनाने के लिए उपयोग में लिए गए मोबाइल को जब्त नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के आदेशों की अवलेहना के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने सहयोग न करके निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस तथा प्रशासन के दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग रखी जाएगी। रिपोर्ट को उत्तराखंड के राज्यपाल, मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट जमा करने के साथ चेतावनी दी जाएगी कि पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## बाड़ेछीना में बंदरों के हमले में बुजुर्ग महिला घायल

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को बाड़ेछीना में बंदरों के एक झुंड ने घर के आंगन में बैठी बुजुर्ग महिला पर हमला बोल दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में परिजनों घायल महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर कर दिया।

मिली जानकारी अनुसार बुधवार सुबह बाड़ेछीना में घर के आंगन में बैठी बुजुर्ग महिला हरुली देवी 82 वर्ष पर बंदरों के झुंड ने एकाएक हमला कर दिया। बंदरों के हमले में बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गई। बंदरों से बुजुर्ग महिला ने बमुश्किल अपनी जान बचाई।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि बंदरों का आंतक बढ़ते जा रहा है। बंदर खेती बाड़ी उजाड़ रहे है। घर के अंदर रखा सामान भी बंदर उठा ले जा रहे है। लोगों ने बंदरों के आंतक से निजात को उचित कार्रवाई की मांग उठाई।

## बीडीसी बैठक में अधिकारी नदारद, जनप्रतिनिधि भड़के

- जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन कर बैठक का बहिष्कार किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** हवालबाग क्षेत्र पंचायत की बैठक में अधिकारियों के नहीं आने पर जनप्रतिनिधियों में आक्रोश रहा। नाराज जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक मुख्यालय परिसर में एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर बैठक का बहिष्कार किया। अधिकारियों पर हमेशा क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया।

बुधवार को हवालबाग क्षेत्र पंचायत की बीडीसी बैठक हुई। सुबह से ही ब्लाक सभागार में प्रमुख समेत क्षेत्र के तमात जनप्रतिनिधि पहुंचे। जनप्रतिनिधियों को डीएम समेत उच्चाधिकारियों के पहुंचने की उम्मीद थी। जिससे जनप्रतिनिधि अपनी क्षेत्र की समस्याएं अधिकारियों के सम्मुख रख सकें। लेकिन काफी देर तक अधिकारियों के बैठक में नहीं पहुंचने से जनप्रनिधियों का पारा चढ़ गया। नाराज जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। कहा कि पूर्व में भी आयोजित कई बैठकों से अधिकारी नदारद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे में अधिकारियों के नहीं पहुंचने से क्षेत्र की तमात समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता है। यहां बैठक का बहिष्कार करने वालों में ज्येष्ठ प्रमुख गोपाल सिंह खोलिया, आनंद डंगवाल, देवेंद्र नयाल, नवीन बिष्ट, देवेंद्र मेहरा, पारितोष जोशी, देवेंद्र बिष्ट समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## क्षेत्र का विकास मुख्य प्राथमिकता: रेखा

- कैबिनेट मंत्री आर्या ने ताकुला के सुनौली का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी
- बसौली-सुनौली सड़क का लोकापर्ण व बसौली- नाईढोल मार्ग का शिलान्यास किया

संवाददाता, अल्मोड़ा





सोमेश्वर विस क्षेत्र के बसौली-सुनौली मोटर मार्ग का बुधवार को लोकापर्ण करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश की कैबिनेट मंत्री व सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या ने बुधवार को ताकुला के ग्राम पंचायत सुनौली का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बसौली-सुनौली मोटर मार्ग का लोकापर्ण और बसौली नाईढोल मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सड़क के संबंध में काफी लंबे समय से मांग थी, जिसे वह उठाते हुए आए हैं। कहा कि सड़क निर्माण होने से स्थानीय जनता को लाभ मिलेगा। कहा कि राज्य सरकार राज्य हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक होने के नाते वह लगातार क्षेत्र हित के लिए काम कर रही हैं। कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

वहीं, स्व. सोबन सिंह जीना स्मृति संग्रहालय पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री ने एक पेड़ मां के तहत पौधरोपण भी किया। मंडल अध्यक्ष प्रदीप नगरकोटी, रवि रौतेला, तारा नयाल, पुष्पा नयाल, पुष्पा डंगवाल, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, राजू नेगी, आशीष भाकुनी, प्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, भूपाल रावत, मदन सिंह, चंदन सिंह बिष्ट, विजय वर्मा, गोविंद प्रसाद, जगदीश पंत, भरत भाकुनी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुलिस के दबाव देने पर किशोर ने लगा दी गोमती नदी में छलांग

- मौके पर लगी लोगों की भीड़ युवक ने नदी में छलांग लगाकर नाबालिग को बचाया
- बागनाथ मन्दिर से चोरी हुए मोबाइल के बारे में पुलिस कर रही थी पूछताछ

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** यहां एक किशोर ने चोरी हुए मोबाइल के बारे में पूछताछ के लिए पहुंची पुलिस के पसीने छुड़ा दिए। किशोर ने पुलिस को मोबाइल की जानकारी देने की बात कहकर पहले तो इधर-उधर दौड़ाया और बाद में चकमा देकर उफनाई गोमती नदी की ओर दौड़ लगा दी। पुलिस उसके पीछे दौड़ी और किशोर को समझाने की कोशिश की लेकिन आनक उसने उफनाई गोमती नदी छलांग लगा दी। इससे पुलिस कर्मियों के होश फाख्ता हो गए। उक्त नाबालिग तैरते हुए नदी के बीच एक चट्टान पर बैठ गया।

इस पर पुलिस के साथ ही मौके पर जमा भीड़ ने किशोर को काफी समझाया लेकिन वह नहीं माना और चट्टान पर ही बैठा रहा। इस दौरान पुलिस जवान भी बेहद परेशान और घबराए रहे। कुछ देर बाद किशोर ने कपड़े उतारे और फिर से नदी में कूद गया और तैरकर उफनाई सरयू नदी की ओर जाने लगा। इस पर मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ ही अन्य लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते किशोर सरयू की तेज लहरों के बीच पहुंच गया। तभी किशोर की जान को खतरा देख मौके पर मौजूद एक युवक ने जान जोखिम में डाल नदी में छलांग लगा दी और नदी के बीच पहुंचकर उक्त नाबालिग को किनारे ले आया। इस पर पुलिस के साथ ही मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

दरअसल बुधवार सुबह बागनाथ मन्दिर से किसी व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया था। मोबाइल ढूंढने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके बाद उक्त किशोर से पूछताछ करने की कोशिश की। किशोर ने बाजार में पुलिस को इसकी जानकारी देने और पुलिस को सहयोग देने का भरोसा दिया। पुलिस द्वारा मोबाइल वापस लौटाने को कहने पर नाबालिग पुलिस को चकमा देकर गोमती नदी की ओर भाग गया और नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ ही मौके पर मौजूद लोगों की सांसें भी अटकी रहीं।

## 144 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**अल्मोड़ा :** विकासखंड हवालबाग के राइंका कमलेश्वर में बुधवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्यनरत 144 छात्र-छात्राओं का निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य संबंधी तमाम जानकारियां भी दी। शिविर में विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 12 की छात्रा कोमल प्रथम, हिमानी स्यूनरी दूसरे और निखल भोज तीसरे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। यहां डा. सीएस जोशी, डा. तनुजा नगरकोटी, योगेश भट्ट, गीता रौतेला, प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह बिष्ट, खजान चंद्र कांडपाल, संगीता पंत, रेणुका जोशी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



अल्मोड़ा में बुधवार को यूकेडी के स्थापना दिवस पर मौजूद कार्यकर्ता।

### उक्रांद ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड क्रांति दल का 45 वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने गोष्ठी कर राज्य निर्माण की तर्ज पर राजधानी गैरसैंण निर्माण के लिए संघर्ष करने की बात कही। वहीं, संगठन के माध्यम से उत्तराखंड को अलग प्रदेश बनाने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। बुधवार को स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से उक्रांद ने राज्य निर्माण के लिए संघर्ष किया था। उसी तरह राज्य की राजधानी गैरसैंण बनाने के लिए भी संघर्ष किया जाएगा। पहाड़ से पलायन रोकने एवं पर्वतीय क्षेत्र के विकास का एक ही विकल्प प्रदेश की स्थाई राजधानी गैरसैंण है। पदाधिकारियों ने पार्टी के कार्यकलापों की जानकारी दी। इस मौके पर यहां केंद्रीय सचिव गिरीश नाथ गोस्वामी, जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, प्रकाश गोस्वामी, देवेंद्र कुमार, तनय देवड़ी, पंकज कुमार, देवेंद्र लाल, रवि कुमार, कुंदन कनवाल, त्रिलोक सिंह, मोहित साह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्याभियुक्त को हुआ आजीवन कारावास

- अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला
- पचास हजार रुपये के अर्थदंड से भी किया दंडित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास और पचास हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि अप्रैल 2012 को ग्राम सैनार अल्मोड़ा निवासी बिशन सिंह ने पटवारी क्षेत्र मजखाली में तहरीर दी थी। कहा था कि विजय सिंह बिष्ट 28 अप्रैल को अपनी कार में सवारियां लेकर अल्मोड़ा से हल्द्वानी गया था। रात आठ बजे वह कार लेकर हल्द्वानी से अल्मोड़ा की ओर वापस लौटा। उसके साथ कार में आरोपी विरेंद्र सिंह निवासी अमस्यारी गोठी चौखुटिया भी था। देर रात तक जब विजय नहीं पहुंचा तो उन्होंने ढूंढखोज शुरू की। सुबह मजखाली के पास उसका शव मिला। पुलिस छानबीन में पता चला कि उनके साथ आरोपी वीरेन्द्र सिंह था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में नौ गवाह पेश किए गए। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने अभियुक्त वीरेन्द्र सिंह को दोआजीवन कारावास व पचास हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया।

## कांग्रेस ने शुरू की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा

- दिल्ली केदारनाथ मंदिर विवाद के लिए भाजपा को कोसा
- हरिद्वार से शुरू पदयात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए केदारनाथ में होगी समाप्त

ब्यूरो, हरिद्वार



हरिद्वार से शुरू 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' में शामिल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली के बुराड़ी में केदारनाथ मंदिर निर्माण को लेकर उपजे विवाद के बाद कांग्रेस ने धामी सरकार को घेरने की रणनीति के तहत बुधवार को 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' की शुरू की। कांग्रेस ने पदयात्रा को 'जय गंगे, जय केदार' का नारे से शुरू की। पद यात्रा गढ़वाल मंडल के विभिन्न गांवों, शहरों से होते हुए केदारनाथ पहुंचकर समाप्त होगी। इस दौरान जगह-जगह जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा।

बुधवार को हरिद्वार की हर की पैड़ी से कांग्रेस ने गंगा पूजा के बाद 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' का शुभारंभ किया। पदयात्रा के शुभारंभ करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह समेत कांग्रेस के सभी विधायक मौजूद रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ, सतयुग का सनातनी परंपरा की पहचान है। इसका व्यवसायीकरण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने केदारनाथ के नाम पर धाम बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि बाबा केदार के नाम पर जो पाप भाजपा ने किया है, उसपर केवल कानून बनाने से नहीं बल्कि सार्वजनिक माफी सरकार को मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से वे देश और प्रदेश की जनता को बताना चाहेंगे कि जो सामाजिक समरसता की बात करते हैं, उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है।

दूसरी तरफ, विवाद को बढ़ता देख दिल्ली केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने कुछ दिन पहले ही सामने आकर मंदिर को लेकर स्थिति स्पष्ट की थी। उन्होंने साफ कहा था कि मंदिर निर्माण के उत्तराखंड सरकार या मुख्यमंत्री धामी का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने मंदिर का नाम बदलने पर हामी भरी थी।

# डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा- नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

# अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी



अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

## 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024

ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।


पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालिफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

## ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।



ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

शीतकालीन ओलंपिक



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

# टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



- सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी शृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 शृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। जयसूर्या ने खुलासा किया कि श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों के लंका प्रीमियर (एलपीएल) लीग से जुड़ा होने के बावजूद भरूचा के साथ छह दिन के शिविर का आयोजन किया गया। हमने एलपीएल के तुरंत बाद सत्र शुरू किया। अधिकतर खिलाड़ी एलपीएल में खेल रहे थे इसलिए वे क्रिकेट में व्यस्त थे और हम चाहते थे कि वे अधिक से अधिक क्रिकेट खेलें। हम राजस्थान रॉयल्स से जुबिन को लाए और हमने लगभग छह दिन उनके साथ काम किया। एलपीएल में खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े। मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों ने सीख लिया है कि आप (प्रबंधन) अभ्यास और तकनीक के मामले में उनसे क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा तैयारी अच्छी थी और टी-20 शुरू होने से पहले कैंडी में हमारे पास दो दिन और हैं।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## सबसे यादगार पल फेडरर से मिलना : शरत कमल

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल के लिए ओलंपिक खेलों में सबसे यादगार पल महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर से मिलना रहा।

शरत ने पहली बार 2004 में ओलंपिक खेलों में भाग लिया था और तब पहली बार उन्हें फेडरर से मिलने का मौका मिला था। इस 42 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम इस बार पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाई है। शरत ने 2004 की यादों को ताजा करते हुए अल्टीमेट टेबल टेनिस से कहा एक दिन मैं लंच करने के लिए जा रहा था तभी मुझे एक व्यक्ति टेनिस बैग लिए हुए आते दिखा। जब मैं अपनी प्लेट लेने के लिए गया तब मुझे एहसास हुआ कि यह तो रोजर फेडरर है। मैं बहुत खुश था और मैंने उनके जितना संभव हो उतना करीब जाने का प्रयास किया। हम एक ही टेबल पर खाना खा रहे थे। तभी एक और व्यक्ति आया। उन्होंने हाथ मिलाया। मैंने उसे दिखा। वह एंडी रॉडिक था।

# टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

- टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

# मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी



मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। पहले ही ओवर में जहांआरा आलम ने ए एच हाशिम (शून्य) को आउट कर मलेशिया को पहला झटका दिया। इसके बाद आई हंटर को (20), तीसरे विकेट के रूप में वान जुलिया (11) को ऋतु मोनी ने बोल्ड किया। कप्तान वी दुरइसिंगम (8), आइना नजवा (4), ए अलिसा (1), एम आई इस्माइल (15) और एस मनिवन्नन (8) रन बनाकर आउट हुई। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर और मुर्शीदा खातून की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए (65) रन जोड़े। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। बांग्लादेश को दूसरा विकेट 17वें ओवर में मुर्शीदा खातून के रूप में गिरा। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। कप्तान निगार सुल्ताना 37 गेंदों में (62) और रुमाना अहमद (6) रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश ने दो विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## टीम का सफलता सूत्र, एक बार में एक मैच पर ध्यान देना : दीप्ति

**दाम्बुला।** सीनियर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने कहा कि महिला टी-20 एशिया कप में भारतीय टीम का सफलता का सूत्र एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना है, क्योंकि जब टीम पिछली बार यहां खेली थी तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई विशेष बदलाव नहीं आया है।



भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में मंगलवार को नेपाल को 82 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में शेफाली वर्मा ने 48 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी जबकि दीप्ति ने 13 रन देकर 3 विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 178 रन बनाए और इसके बाद नेपाल को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 98 रन पर रोक दिया था। दीप्ति ने मैच के बाद कहा हम पहले मैच से ही प्रत्येक मैच और प्रत्येक परिस्थिति को लेकर काफी आश्वस्त हैं। अब हमारी निगाह सेमीफाइनल पर है। भारतीय टीम इससे पहले जून 2022 में यहां खेली थी और दीप्ति ने कहा कि तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आया है। कुछ भी नहीं बदला है। हमने इसे सरल बनाए रखा है और हमारा ध्यान केवल अगले मैच पर केंद्रित रहता है। मैं पिछली बार भी यहां खेली थी और तब से कोई बदलाव नहीं आया है।

बॉलीवुड हलचल

# पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडननेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।

# सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढ़ोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

बौछारें



मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

### न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन शत प्रतिशत कारगर

नई दिल्ली, एजेंसी



न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक एक दवा ने महिलाओं में 100 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई है तथा इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है।

साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली लेनकापाविर को अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज द्वारा 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (रोग निरोधक) दवा के रूप में विकसित किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अध्ययन, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में किशोरवय लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल करते हुए चरण-3 का परीक्षण है।

बयान के अनुसार इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (प्रीईपी) लेनकापाविर ने शून्य (एचआईवी) संक्रमण और 100 प्रतिशत प्रभावशीलता प्रदर्शित की। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव (बॉडी फ्लूइड) से फैलता है। उपचार न किए जाने पर, संक्रमण वर्षों में एड्स या 'एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम' में बदल सकता है। उद्देश्य 1 परीक्षण में, 5,338 प्रतिभागियों को, जो शुरू में एचआईवी-नेगेटिव थे, तीन समूहों में विभाजित किया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए।

#### शानदार परिणाम मिलेंगे : बेकर

केपटाउन विश्वविद्यालय के डेसमंड टूटू एचआईवी सेंटर की निदेशक और अध्ययन की प्रथम लेखक लिंडा-गेल बेकर ने एक बयान में कहा ये शानदार परिणाम दर्शाते हैं कि प्रीईपी के लिए दो बार वार्षिक लेनकापाविर, यदि स्वीकृत हो जाता है, तो एक अत्यधिक प्रभावी, वहनीय और विवेकपूर्ण विकल्प प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से प्रीईपी के उपयोग और दृढ़ता में सुधार कर सकता है, जिससे हमें वैश्विक स्तर पर सिसजेंडर महिलाओं में एचआईवी को कम करने में मदद मिल सकती है। सिसजेंडर वह शब्द है जो किसी व्यक्ति की लैंगिक पहचान को दर्शाता है, न कि उसकी यौन अभिरुचि को।

#### इंजेक्शन लगने की जगह पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई

अध्ययन के लेखकों ने लिखा साल में दो बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ। लेनकापाविर समूह के लगभग 70 प्रतिशत प्रतिभागियों में सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन-स्थल पर होने वाली प्रतिक्रियाएं थीं। हालांकि, बयान के अनुसार इंजेक्शन-स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है।

### माल्विनास द्वीप के पास नाव पलटी, 8 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** माल्विनास द्वीप समूह के पास सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे अंग्रेजी में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह कहते हैं। इस द्वीप पर अर्जेंटीना अपना दावा करता है लेकिन यह ब्रिटेन द्वारा शासित है। यह जानकारी अर्जेंटीना और स्पेनिश मीडिया ने दी। अर्जेंटीना के दैनिक समाचारपत्र ला नासियोन ने कहा कि सोमवार को मछली पकड़ने वाली नौका टूथफिश की तलाश में माल्विनास द्वीप के पास नौकायन कर रही थी, तभी उसका पतवार टूट गया और वह डूब गया।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के प्रयास हुए तेज

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से कहा- सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होगी मुलाकात



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अब्बास के पत्र के जवाब में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा।

**अपने कार्यकाल के दौरान शांति और स्थिरता कायम की थी :** उन्होंने कहा मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी, यहां तक कि ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे और हम पुनः शांति कायम करेंगे। जैसा कि मैंने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य विश्व नेताओं के साथ की गई चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के माध्यम से शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि इन भयानक घातक युद्धों और हिंसक संघर्षों को समाप्त किया जाना चाहिए। लाखों लोग मर रहे हैं और कमला हैरिस किसी भी तरह से इसे रोकने में सक्षम नहीं हैं।

### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। हालांकि, वह नेतन्याहू द्वारा संबोधित किए जाने वाले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता नहीं कर पाएंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। उपराष्ट्रपति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए 24 जुलाई को इंडियानापोलिस जा रही हैं और वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कांग्रेस के संयुक्त सत्र के पहले से निर्धारित संबोधन में भाग नहीं ले पाएंगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें। नेतन्याहू का अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। यह अमेरिकी संसद में नेतन्याहू का चौथा संबोधन है, जो किसी भी विदेशी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस में सबसे अधिक बार दिया जाने वाला संबोधन होगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता आम तौर पर उपराष्ट्रपति करते हैं। अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस संबोधन में भाग न लेने के लिए हैरिस की आलोचना की है। डेमोक्रेटिक की ओर राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले सप्ताह में हैरिस इजराइली प्रधानमंत्री की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी विदेश नीति में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा विभाजनकारी मुद्दे का सामना करेंगी।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश


**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

ढाका, एजेंसी

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा से लगभग देश में 200 लोगों की हो चुकी है मौत



बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।

### आरक्षित कोटा घटाकर पांच प्रतिशत किया

देशव्यापी हिंसा के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। बीडी न्यूज 24 न्यूज पोर्टल ने खबर दी है कि देश में मोबाइल इंटरनेट अब भी बंद है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित कोटा घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, अब 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता आधारित होंगी।

# इमरान ने नहीं कराया पोलीग्राफ टेस्ट

लाहौर, एजेंसी

- 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम परीक्षण करने पहुंची थी जेल
- पिछले साल हुए अप्रत्याशित उपद्रव के कारण जेल में हैं बंद



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है।

12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और फोटोग्रेमेट्री परीक्षण करने थे।

### बोले- पिछली जांच पूरी होने के बाद देंगे समय

इमरान खान ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी जांच की जा रही है और पिछली जांच के पूरा हो जाने के बाद ही वह पुलिस को समय देंगे। डॉन अखबार की खबर है कि पुलिस अधिकारियों ने उससे 9 मई के उपद्रव के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछताछ की। इस उपद्रव के दौरान लाहौर कोर कमांडर के आवास, सैन्य प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। इस अखबार के मुताबिक जेल से लौटने के बाद, पुलिस टीम और पीएफएसए विशेषज्ञों ने लाहौर के डीआईजी (जांच) जीशान असगर को खान के असहयोग के बारे में बताया।

## पोत पर घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

पेरिस, एजेंसी

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन जारी

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी।

हांगकांग मीडिया के अनुसार यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई। सीएएस ने कहा कि 2020 में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से युक्त एक जलयोजित खनिज पाया है।

### भारत के चंद्रयान 1 ने खोजी थी ऑक्सीजन

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है।

## एससीओ देशों ने पहला संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसमें आतंकवादी समूहों के उन्मूलन जैसे विशेष अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चीन के जनसूचना मंत्रालय ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में हाल ही में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास इंटरैक्शन-2024 आयोजित किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि यह अभ्यास पहली बार आयोजित किया गया और इसमें एससीओ के सभी सदस्य देशों की संबंधित एजेंसियों ने हिस्सा लिया।

खगोल विज्ञान

### नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

**अमृत विचार:** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।

### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।